● जयपुर, शनिवार, 14 सितंबर 24 ● वर्ष 14 ● अंक 30 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्याः RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक
राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

“सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।”
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 अजमेर रेलवे स्टेशन से अगवा 4 साल की मासूम को गुजरात के साबरमती से किया...
पेज @4 प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना पर अधारित जिला स्तरीय कार्यशाला का हुआ...
पेज @8 विद्याधर नगर में दो उच्च जलाशयों का शिलान्यास...

ओसाका में इन्वेस्टर्स मीट का हुआ आयोजन

# पधारो म्हारे देस' – जापान के निवेशकों को मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का राजस्थान में निवेश का आमंत्रण

## 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के जरिए प्रदेश में निवेश आकर्षित करने के लिए मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल की जापान यात्रा पूरी

## मुख्यमंत्री ने ओसाका, जापान में रहने वाले अनिवासी राजस्थानी (एनआरआर) समुदाय से भी मुलाकात की, उनसे जापान और राजस्थान के बीच सेतु बनने का किया आग्रह

चमकता राजस्थान

**जयपुर, (खलील कुरैशी) 13 सितंबर।** अपनी तीन दिवसीय जापान यात्रा के अंतिम दिन मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने ओसाका में आयोजित इन्वेस्टर्स मीट में भाग लिया और जापानी निवेशकों से राजस्थान में अपने मौजूदा व्यवसायों का विस्तार करने और नए उद्यम स्थापित करने का आग्रह किया। इसके अलावा मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने दो प्रमुख जापानी कंपनियों - डाइकिन और एनआईडीईसी कॉरपोरेशन - के अधिकारियों के साथ भी चर्चा की। इन कंपनियों के राज्य के नीमराणा जापानी निवेश ज़ोन में पहले से ही उपक्रम हैं।







ओसाका निवेशकों की बैठक में राज्य में मौजूद कारोबार की संभावनाओं की बात करते हुए मुख्यमंत्री शर्मा ने राजस्थान के प्रति विश्वास जताने के लिए जापानी निवेशकों को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, “मैं जापानी निवेशक समुदाय से राजस्थान में अपना विश्वास बनाए रखने और भारत और जापान के बीच मौजूदा साझेदारी को और मजबूत बनाने का आग्रह करता हूं। राजस्थान में नीमराणा जापानी निवेश क्षेत्र में लगभग 50 जापानी कंपनियों का सफल संचालन राज्य की व्यापार करने में आसानी और व्यापार के माहौल को बेहतर बनाने की स्पष्ट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। आने वाले दिनों में हम एमएसएमई नीति, 'एक जिला एक उत्पाद' नीति, डेटा सेंटर नीति जैसी कई नए निवेशक-अनुकूल नीतियों को शुरू करने जा रही है, ताकि राज्य निवेशकों और व्यवसायों के लिए एक प्रमुख आकर्षक स्थान के रूप में उभर सके।”

अपनी ओसाका यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने राजस्थान के नीमराणा जापानी निवेश क्षेत्र में अवस्थित एक प्रमुख कंपनी डाइकिन इंडस्ट्रीज के वरिष्ठ अधिकारियों से भी मुलाकात की। ओसाका में डाइकिन इंडस्ट्रीज का मुख्य कार्यालय है, जहां इस अवसर पर कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अपने बारे में बताया, खासतौर पर राजस्थान में मौजूद उपक्रम के बारे में और राज्य में कंपनी के विस्तार योजनाओं पर चर्चा की। इसके अलावा, इस दौरान माननीय मुख्यमंत्री कंपनी के टेक्नीकल इन्नोवेशन सेंटर को देखने भी गए।

ओसाका में इन्वेस्टर्स मीट के बाद मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने एक अन्य जापानी कंपनी एनआईडीईसी कॉर्पोरेशन के प्रतिनिधियों से मुलाकात की और प्रदेश में सरकार द्वारा उठाए जा रहे महत्वपूर्ण व्यापार-अनुकूल परिवर्तनों के बारे में जानकारी दी। एनआईडीईसी कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने राज्य द्वारा व्यावसायिक माहौल को अच्छा बनाने के लिए उठाए जा रहे प्रभावशाली कदमों की सराहना की और आश्वासन दिया कि कंपनी की दीर्घकालिक योजनाओं में राजस्थान भी शामिल है।

इसके अलावा, ओसाका में अनिवासी राजस्थानी समुदाय (एनआरआर) के लोगों ने भी राजस्थान सरकार के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। समुदाय के सदस्यों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने जापान में तकनीकी नवाचारों की शुरुआत करने में अप्रवासी राजस्थानी समुदाय की भूमिका के बारे में प्रसन्नता व्यक्त की और उनसे जापान और राजस्थान के बीच एक सेतु की भूमिका निभाने का अनुरोध किया। इसके अलावा जापानी संस्कृति से मिली सीख को राज्य के लोगों से भी साझा करने का आग्रह करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अप्रवासी राजस्थानी अपनी माटी में भी नए व्यवसाय लगाने का प्रयास करें।

'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के बारे में बात करते हुए, ओसाका-कोबे में भारत के महावाणिज्यदूत श्री चंद्रू अप्पार ने कहा, “मैं रोड शो को मिले जबरदस्त समर्थन देखकर बेहद खुश हूं। निवेशकों के रोड शो में राजस्थान के मुख्यमंत्री की मौजूदगी राज्य की 'इज ऑफ डूइंग बिजनेस' के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। मैं सभी तरह के जापानी निवेशकों से राजस्थान में इस व्यावसायिक अवसर का लाभ उठाने का आग्रह करता हूं। वाणिज्य दूतावास राजस्थान के बारे में आपके किसी भी फॉलो-अप या प्रश्न के लिए आपकी सहायता के लिए मौजूद है।”

जापान का दौरा करने वाले मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल में उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चंद बैरवा, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री शिखर अग्रवाल, उद्योग और वाणिज्य विभाग के प्रमुख शासन सचिव श्री अजिताभ शर्मा, रीको और बीआईपी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। ओसाका निवेशकों का रोड शो ओसाका-कोबे में भारत के महावाणिज्यदूतावास, और जापान एक्सटर्नल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन (JETRO) के सहयोग से आयोजित किया गया था। इसके साथ ही, 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट 2024 के लिए इन्वेस्टर्स मीट और आउटरीच का पांच दिवसीय दक्षिण कोरिया-जापान चरण आज समाप्त हो गया और राजस्थान सरकार का उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल अब वापस राज्य के लिए रवाना हो गया है।

### 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 एक नजर

'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 का आयोजन इस साल 9, 10 और 11 दिसंबर को राजधानी जयपुर में होगा। इसका आयोजन राजस्थान सरकार के तत्वाधान में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रोमोशन (बीआईपी) और राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट एंड इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन (रीको) के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है, जिसका नोडल विभाग बीआईपी है। इस इन्वेस्टमेंट समिट के पहले इन्वेस्टर मीट, जो मुंबई में 30 अगस्त को आयोजित हुआ था, के दौरान राजस्थान सरकार ने विभिन्न कंपनियों के साथ 4.5 लाख करोड़ से अधिक के एमओयू (MoUs) साइन किया था। इस त्रि-दिवसीय मेगा समिट का उद्देश्य देश-विदेश की बड़ी-छोटी कंपनियों, अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं और निवेशकों को राज्य में आ कर काम करने के लिए आमंत्रित करना, प्रदेश में विभिन्न तरह के उद्योग-धंधे लगाने में मदद करना और अन्य सुविधाएँ मुहैय्या कराना है। इस ग्लोबल समिट के दौरान कृषि, अक्षय ऊर्जा, शिक्षा और कौशल, ऑटो और ईवी (इलेक्ट्रिक व्हीकल्स), इंफ्रास्ट्रक्चर, केमिकल और पेट्रो-केमिकल, पर्यटन, स्टार्टअप, खनन और ईएसडीएम/आईटी और आईटीईएस (एरउ्ट/क्ळ ंल्ह क्ळीर) सहित विभिन्न क्षेत्रों पर विशेष सत्र का आयोजन होगा।

### हरियाणा चुनाव के लिए भाजपा के स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी

● पीएम मोदी, नड्डा, शाह, राजनाथ और गडकरी सहित 40 नेताओं के नाम



**नई दिल्ली/एजेंसी।** भाजपा ने हरियाणा में होने वाले विधानसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए अपने 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी कर दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,भाजपा अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, मनोहर लाल खट्टर, शिवराज सिंह चौहान, धर्मेंद्र प्रधान ,पीयूष गोयल, अर्जुन राम मेघवाल, हरदीप सिंह पुरी, राव इंद्रजीत सिंह और कृष्णपाल गुर्जर सहित कई केंद्रीय मंत्रियों को इस लिस्ट में शामिल किया गया है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और हरियाणा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मोहन लाल बडौली के साथ ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा, राजस्थान के सीएम भजन लाल शर्मा, मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी को भी भाजपा ने स्टार प्रचारक बनाया है। पार्टी ने राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, स्मृति ईरानी एवं संजीव बालियान, राजस्थान की पूर्व सीएम वसुंधरा राजे सिंधिया, हिमाचल प्रदेश के

# दिल्ली शराब नीति मामला : सीएम अरविंद केजरीवाल को मिली जमानत

## 156 दिन बाद जेल से होगी रिहाई

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

दिल्ली शराब नीति मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत मिल गई है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस भुइंया दोनों ने केजरीवाल को जमानत दी। सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई के केस में उन्हें ये जमानत दी है। केजरीवाल को 10 लाख के बॉन्ड पर जमानत मिली है। केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में दो याचिकाएं दायर की थीं। पहली जमानत याचिका और दूसरी सीबीआई द्वारा की गई गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती दी गई थी।

ईडी के केस में केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से पहले ही जमानत मिल चुकी है जबकि यह मामला सीबीआई की ओर से की गई गिरफ्तारी और रेगुलर बेल से जुड़ा था। ईडी मामले में केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से 12 जुलाई को जमानत मिली थी। वहीं, अब सीबीआई केस में भी सर्वोच्च न्यायालय से केजरीवाल को जमानत दे दी है। ईडी केस में अंतरिम जमानत मिलने के बाद सीबीआई ने अरविंद केजरीवाल 26 जून को तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। सुप्रीम कोर्ट 5 सितंबर को केजरीवाल की जमानत याचिका पर फैसला 5 सितंबर को




सुरक्षित रखा था। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

केजरीवाल को ईडी ने 21 मार्च को गिरफ्तार गिरफ्तार किया। 10 दिन की पूछताछ के बाद 1 अप्रैल को तिहाड़ जेल भेजा गया। 10 मई को 21 दिन के लिए आम चुनाव में प्रचार के लिए रिहा किया गया। ये रिहाई 51 दिन जेल में रहने के बाद मिली थी। सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल की एक जून तक की रिहाई मंजूर की थी। 2 जून को केजरीवाल ने तिहाड़ जेल में सरेंडर कर दिया था। आज यानी 13 सितंबर को केजरीवाल की रिहाई होती है तो कुल जेल गए 177 दिन हो जाएंगे। अगर 21 दिन की रिहाई को कम कर दिया जाए तो केजरीवाल कुल 156 दिन जेल में रहे।

### भाजपा के हजारों कुचक्र के बावजूद सच्चाई की जीत हुई : मनीष सिसोदिया

**नई दिल्ली/एजेंसी।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से आबकारी नीति मामले से जुड़े सीबीआई मामले में जमानत मिल गई। उनके शुक्रवार को जेल से बाहर आने की खबर है। जिसके बाद वह आम लोगों से संवाद करेंगे।



सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले पर आम आदमी पार्टी नेता मनीष सिसोदिया ने खुशी जताई। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, एक बार फिर से साबित हो गया है कि अरविंद केजरीवाल जैसा सच्चा, ईमानदार, देशभक्त कर्मठ नेता इस देश में नहीं है। केजरीवाल जी को गिरफ्तार करने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने हजारों कुचक्र और साजिशें रचीं। एक कट्टर ईमानदार, जनता के लिए काम करने वाले और जनता के दर्द को समझने वाले आदमी को जेल में डाल दिया गया। लोकतंत्र के इतिहास में इससे बड़ा पाप नहीं हुआ है।

उन्होंने आगे कहा, आज हम माननीय सुप्रीम कोर्ट को नमन करके उनका धन्यवाद करते हैं। हम इस देश के संविधान और बाबा साहब का धन्यवाद करते हैं, जिनके बदौलत आज यह संभव हुआ। यह सिर्फ सच्चाई की जीत की भी बात नहीं है, बल्कि इस फैसले से भाजपा के नेताओं का झूठ भी उजागर हुआ है। जिस तरीके से आज माननीय सुप्रीम कोर्ट में कहा गया कि ईडी के केसों में रिहाई से रोकने के लिए सीबीआई की गिरफ्तारी का पूरा मामला रचा गया। हमारे सीनियर एडवोकेट सिंघवी ने बार बार इस बात को दोहराया कि यह इंश्योरेंस अरेस्ट था। उन्हें किसी गलत काम के लिए अरेस्ट नहीं किया गया था।

# रंग लाती हिंदी को उसका मान दिलाने की सरकार की कोशिशें

आज पूरे देश में 'राष्ट्रीय हिन्दी दिवस' को उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इस दिवस को हम हर वर्ष भाषा के तौर पर हिन्दी के महत्व और अनिवार्यता को ध्यान में रखते हुए मनाते हैं। यह हमें अपने देश की भाषाई विविधता को बढ़ावा देने का भी एक अवसर प्रदान करता है। संविधान सभा ने 14 सितंबर, 1949 को एकमत से हिन्दी को भारत की राजभाषा के तौर पर अंगीकार किया था। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भी हिन्दी की यात्रा अत्यंत कठिन रही है। राजनीतिक कारणों से हिन्दी, राष्ट्रभाषा की स्वीकृति हासिल नहीं कर पायी। आज हिन्दी का दायरा 132 से भी अधिक देशों में फैला हुआ है और संयुक्त राष्ट्र महासभा ने जब से अपने कार्यों और अनिवार्य संदेशों को हिन्दी में प्रेषित करने की घोषणा की, हम हिन्दी भाषियों के आत्मविश्वास ने एक नया आसमान छूना शुरू कर दिया।

भारत प्राचीनकाल से ही विविध भाषाओं का देश रहा है। आज हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं। 'हिन्दी' ने हमारी इस लोकतांत्रिक व्यवस्था को एकसूत्र में पिरोने का महान कार्य किया है। इसने हमारे विविध क्षेत्रीय भाषाओं और बोलियों के अलावा कई वैश्विक भाषाओं के साथ घुलमिल कर पूरे विश्व में अपनी एक अनूठी पहचान बनाई है। हिन्दी ने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान भी एक 'संवाद भाषा' के तौर पर समाज को पुनर्जागृत करने में उल्लेखनीय भूमिका निभायी। इतिहास साक्षी है कि हमारे देश में 'स्वराज' प्राप्ति और 'स्वभाषा' के आन्दोलन एकसाथ चले। हालांकि, हिन्दी के प्रति सम्मान और इसके प्रसार को बढ़ावा कुछ लोगों को रास नहीं आता है। उन्हें लगता है कि हम आधुनिकता केवल अंग्रेज़ियत से हासिल कर सकते हैं। लेकिन, हमें यह समझना होगा कि किसी भी समाज में मौलिक और सृजनात्मक अभिव्यक्ति को केवल और केवल अपनी भाषा के माध्यम से ही विकसित किया जा सकता है। यह एक शाश्वत सत्य है कि हमारी अपनी मातृभाषा में भी हमारी उन्नति का मूल छिपा हुआ है।

हमारी भाषाएं, हमारी बोलियां, हमारी अमूल्य विरासत हैं। यदि हमें आगे बढ़ना है, तो इसे हमें साथ लेकर चलना होगा। इसी संकल्प के साथ बीते 10 वर्षों के दौरान भारत सरकार ने हिंदी समेत सभी भारतीय भाषाओं के वैश्विक प्रचार–प्रसार के लिए आधुनिक तकनीक के माध्यम से सार्वजनिक, प्रशासन, शिक्षा और वैज्ञानिक प्रयोग के अनुकूल उपयोगी बनाने का प्रयास किया है। हिंदी को सामान्य जनामानस के अलावा, सरकारी विभागों, मण्डलों और समितियों में भी बढ़ावा देने के लिए गृह मंत्रालय के अंतर्गत राजभाषा विभाग द्वारा कई प्रयास किये जा रहे हैं। हिंदी दिवस पर राजधानी दिल्ली में भारत मंडपम के भव्य प्रांगण में चतुर्थ 'अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन' का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह हिन्दी की समृद्धि और भविष्य के संकल्पों के प्रति अपने विचार साझा करेंगे। नई सरकार के गठन के पश्चात, संसदीय राजभाषा समिति के पुनर्गठन के लिए दिल्ली में बैठक का आयोजन हुआ था, जिसमें अमित शाह को सर्वसम्मति से एक फिर से समिति का अध्यक्ष चुना गया। ध्यातव्य है कि भारत के विभिन्न क्षेत्रों में राजभाषा के प्रयोग को बढ़ाने की दृष्टि से अब तक कुल 528 नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों का गठन किया जा चुका है। विदेशों में भी लंदन, सिंगापुर, फिजी, दुबई और पोर्ट–लुई में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों का गठन किया गया है।

राजभाषा विभाग द्वारा हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए 'अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन', स्मृति आधारित अनुवाद प्रणाली 'कंठस्थ', 'हिंदी शब्द सिंधु' शब्दकोष का भी निर्माण किया है। इस शब्दकोष में संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल भारतीय भाषाओं के शब्दों को शामिल कर इसे निरंतर समृद्ध किया जा रहा है। विभाग ने कुल 90 हजार शब्द का एक 'ई–महाशब्दकोष' मोबाइल एप और लगभग 9 हजार वाक्य का 'ई–सरल' वाक्य कोष भी तैयार किया है। दूसरी ओर, सरकार द्वारा अनुवाद को आसान बनाने के लिए 'भाषिणी ऐप' का भी शुभारंभ किया गया। शास्त्रीय भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए देश में तीन संस्कृत विश्वविद्यालय भी स्थापित किये जा चुके हैं और राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन में ऐतिहासिक रूप से कार्य हो रहा है। भारत सरकार द्वारा किये जा रहे इन प्रयासों से हमारी सभी मातृभाषाओं की संपन्नता को एक नया आयाम हासिल होगा। इसके लिए यह अनिवार्य है कि यह विज्ञान–सम्मत हो, तकनीक सम्मत हो।

# हिंदी : राजभाषा, राष्ट्रभाषा और विश्वभाषा



प्रो. (डॉ.) संजय द्विवेदी

एक भाषा के रूप में हिंदी न सिर्फ भारत की पहचान है, बल्कि हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति और संस्कारों की सच्ची संवाहक, संप्रेषक और परिचायक भी है। बहुत सरल, सहज और सुगम भाषा होने के साथ हिंदी विश्व की संभवतः सबसे वैज्ञानिक भाषा है, जिसे दुनिया भर में समझने, बोलने और चाहने वाले लोग बहुत बड़ी संख्या में मौजूद हैं। यह विश्व में तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है, जो हमारे पांरपरिक ज्ञान, प्राचीन सभ्यता और आधुनिक प्रगति के बीच एक सेतु भी है। हिंदी भारत संघ की राजभाषा होने के साथ ही ग्यारह राज्यों और तीन संघ शासित क्षेत्रों की भी प्रमुख राजभाषा है। संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल अन्य इक्कीस भाषाओं के साथ हिंदी का एक विशेष स्थान है। आज देश में तकनीकी और आर्थिक समृद्धि के साथ–साथ अंग्रेजी पूरे देश पर हावी होती जा रही है। देश की राजभाषा हिंदी होने के बावजूद आज हर जगह अंग्रेजी का वर्चस्व कायम है। हिंदी जानते हुए भी लोग हिंदी में बोलने, पढ़ने या काम करने में हिचकने लगे हैं। इसलिए भारत सरकार का प्रयास है कि हिंदी के प्रचलन के लिए उचित माहौल तैयार किया जा सके। राजभाषा हिंदी के विकास के लिए खासतौर से भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अंतर्गत राजभाषा विभाग का गठन किया गया है। भारत सरकार का राजभाषा विभाग इस दिशा में प्रयासरत है कि केंद्र सरकार के अधीन कार्यालयों में अधिक से अधिक कार्य हिंदी में हो। केंद्र सरकार के कार्यालयों में हिंदी का अधिकाधिक उपयोग सुनिश्चित करने हेतु भारत सरकार के राजभाषा विभाग द्वारा उठाए गए कदमों के परिणामस्वरूप कंप्यूटर पर हिंदी में कार्य करना अधिक आसान एवं सुविधाजनक हो गया है। राजभाषा विभाग द्वारा वेब आधारित सूचना प्रबंधन प्रणाली विकसित की गई है, जिससे भारत सरकार के सभी कार्यालयों में हिंदी के उत्तरोत्तर प्रयोग से संबंधित तिमाही प्रगति रिपोर्ट तथा अन्य रिपोर्टें राजभाषा विभाग को त्वरित गति से भिजवाना आसान हो गया है। सभी मंत्रालयों और विभागों ने अपनी वेबसाइटें




हिंदी में भी तैयार कर ली हैं। सरकार के विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों द्वारा संचालित जनकल्याण की विभिन्न योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों को हिंदी में मिलने से गरीब, पिछड़े और कमजोर वर्ग के लोग भी लाभानवित होते हुए देश की मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं।

देश की स्वतंत्रता से लेकर हिंदी ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। भारत सरकार द्वारा विकास योजनाओं तथा नागरिक सेवाएं प्रदान करने में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। हिंदी तथा प्रांतीय भाषाओं के माध्यम से हम बेहतर जन सुविधाएं लोगों तक पहुंचा सकते हैं। इसके साथ ही विदेश मंत्रालय द्वारा 'विश्व हिंदी सम्मेलन' और अन्य अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों के माध्यम से हिंदी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय बनाने का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा प्रत्येक वर्ष सरकार द्वारा 'प्रवासी भारतीय दिवस' मनाया जाता है, जिसमें विश्व भर में रहने वाले प्रवासी भारतीय भाग लेते हैं। विदेशों में रह रहे प्रवासी भारतीयों की उपलब्धियों के सम्मान में आयोजित इस कार्यक्रम से भारतीय मूल्यों का विश्व में और अधिक विस्तार हो रहा है। विश्वभर में करोड़ों की संख्–या में भारतीय समुदाय के लोग एक संपर्क भाषा के रूप में हिंदी का इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदी को एक नई पहचान मिली है। भारतीय विचार और संस्कृति का वाहक होने का श्रेय हिंदी को ही जाता है। आज संयुक्त राष्ट्र जैसी संस्थाओं में भी हिंदी की गूंज सुनाई देने लगी है। हिंदी आम आदमी की भाषा के रूप में देश की एकता का सूत्र है। सभी भारतीय भाषाओं की बड़ी बहन होने के नाते हिंदी विभिन्न भाषाओं के उपयोगी और प्रचलित शब्दों को अपने में समाहित करके सही मायनों में भारत की संपर्क भाषा होने की भूमिका निभा रही है। हिंदी जन–आंदोलनों की भी भाषा रही है। हिंदी के महत्त्व को गुरुदेव रवींद्र नाथ टैगोर ने बड़े सुंदर रूप में प्रस्तुत किया था। उन्होंने कहा था, ''भारतीय भाषाएं नदियां हैं और हिंदी महानदी''। हिंदी के इसी महत्व को देखते हुए तकनीकी कंपनियां इस भाषा को बढ़ावा देने की कोशिश कर रही हैं। यह खुशी की बात है कि सूचना प्रौद्योगिकी में हिंदी का इस्तेमाल बढ़ रहा है। आज वैश्वीकरण के दौर में, हिंदी विश्व स्तर पर एक प्रभावशाली भाषा बनकर उभरी है। आज पूरी दुनिया में 260 से अधिक विश्वविद्यालयों में हिंदी भाषा पढ़ाई जा रही है। ज्ञान–विज्ञान की पुस्तकें बड़े पैमाने पर हिंदी में लिखी जा रही हैं। सोशल मीडिया और संचार माध्यमों में हिंदी का प्रयोग निरंतर बढ़ रहा है।

भाषा का विकास उसके साहित्य पर निर्भर करता है। आज के तकनीकी के युग में विज्ञान और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में भी हिंदी में काम को बढ़ावा देना चाहिए, ताकि देश की प्रगति में ग्रामीण जनसंख्या सहित सबकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके। इसके लिए यह अनिवार्य है कि हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं में तकनीकी ज्ञान से संबंधित साहित्य का सरल अनुवाद किया जाए। इसके लिए राजभाषा विभाग ने सरल हिंदी शब्दावली भी तैयार की है। राजभाषा विभाग द्वारा राष्ट्रीय ज्ञान–विज्ञान मौलिक पुस्तक लेखन योजना के द्वारा हिंदी में ज्ञान–विज्ञान की पुस्तकों के लेखन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे हमारे विद्यार्थियों को ज्ञान–विज्ञान संबंधी पुस्तकें हिंदी में उपलब्ध होंगी। हिंदी भाषा के माध्यम से शिक्षित युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध हो सकें, इस दिशा में निरंतर प्रयास भी जरूरी है।

भाषा वही जीवित रहती है, जिसका प्रयोग जनता करती है। भारत में लोगों के बीच संवाद का सबसे बेहतर माध्यम हिंदी है। इसलिए इसको एक–दूसरे में प्रचारित करना चाहिये। हिंदी भाषा के प्रसार से पूरे देश में एकता की भावना और मजबूत होगी। मुझे पूरा विश्वास है कि अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के माध्यम से हम हिंदी के संपर्क भाषा और राजभाषा, दोनों रूपों की तरक्की में बेहतर योगदान कर पाएंगे।

# राष्ट्र को एक सूत्र में बांधने वाली भाषा है हिंदी



डॉ. गंगेश गुंजन

उत्तर से दक्षिण एवं पूरब से पश्चिम अर्थात चारो दिशाओं को एक सूत्र में साधने की शक्ति अगर किसी भाषा में है तो वह है हिंदी। आज हम स्वतंत्र हैं, इसमें हिंदी की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। यह मन की भाषा है, आत्मा की भाषा है। सबसे बड़ी बात यह कि हिंदी भाषा लोगों को एक दूसरे से जोड़ने की क्षमता रखती है। भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में 22 भाषाओं को सम्मिलित किया गया है।इन भाषाओं में हिंदी की लोकप्रियता सबसे ऊपर है। 2011 की जनगणना के अनुसार हिंदी बोलने वालों की संख्या 43.63 प्रतिशत अर्थात लगभग 53 करोड़ है।आज यह संख्या बढ़कर लगभग 80 करोड़ हो गई है। वहीं बांग्ला दूसरे स्थान पर,तीसरे स्थान पर मराठी,चौथे स्थान पर तेलुगु एवं पाँचवे स्थान पर तमिल है।यह आंकड़े हिंदी की शक्ति को दर्शाते हैं। इन आंकड़ों से किसी भाषा को कमतर दिखाना लक्ष्य नहीं है। बांग्ला,मराठी,तमिल आदि भाषाएँ राष्ट्र से जुड़ी हुयी हैं।सबके मूल में संस्कृत ही है। इन भाषाओं की उपेक्षा राष्ट्र की उपेक्षा है। इन भाषाओं को साथ लेकर हिंदी की बात होनी चाहिए और हिंदी यह कार्य करने में समर्थ है।

स्वतंत्रता आंदोलन के दिनों को याद कीजिए जब अंग्रेजों से मुक्ति की लड़ाई लड़ी जा रही थी तब सर्व जन को साथ लेकर चलने वाली हिंदी की महत्ता को स्वीकार करते हुए महात्मा गांधी ने कहा था कि यही एक भाषा है, जो पूरे देश को जोड़ कर रख सकती है और संपर्क भाषा के रूप में दो दिलों में रस घोल सकती है। बड़ी विचित्र बात है कि हिंदी को मजबूत करने की बात हिंदी क्षेत्र से नहीं अपितु हिंदीतर क्षेत्रों से उठी।महात्मा गांधी,बाल गंगाधर तिलक, सुभाष चंद्र बोस, वीर सावरकर, लाला लाजपत राय आदि कुछ ऐसे प्रभावशाली नाम हैं जिन्होंने हृदय की भाषा के रूप में इसे स्वीकार किया।वे जानते थे कि जन संवाद की भाषा हिंदी लोगों को एक साथ लेकर चलने में सक्षम है। दक्षिण के क्षेत्रों में हिंदी को लेकर थोड़ी




असहजता है इसलिए महात्मा गांधी ने दक्षिण भारत में 1918 ईस्वी में हिंदी प्रचार सभा की स्थापना की। बाल गंगाधर तिलक ने काशी नागरी प्रचारिणी सभा के माध्यम से हिंदी परंपरा को आगे बढ़ाया।भाषा से परंपरा समृद्ध होती है और संस्कृति सशक्त होती है। ऐसा नहीं है कि हिंदी की यह यात्रा स्वतंत्रता आंदोलन के समय ही शीर्षत्व को स्पर्श कर रही थी।हिंदी के जनक भारतेंदु हरिश्चंद्र हिंदी भाव को जगाते हुए लिखते हैं-- निज भाषा उन्नति अहै,सब उन्नति को मूल, बिन निज भाषा ज्ञान के,मिटै न हिय को सूल।वास्तव में, हिंदी का ज्ञान हृदय के सुप्त भाव को जागृत करता है। स्वामी दयानंद सरस्वती की संस्कृत पर अच्छी पकड़ थी। वेद के मर्मज्ञ थे। वे चाहते तो सत्यार्थ प्रकाश जो आर्य समाज का पवित्र ग्रंथ है,इसकी रचना संस्कृत में कर सकते थे लेकिन जन–जन तक अपने विचारों को पहुंचाने के लिए उन्होंने हिंदी भाषा को चुना।

भारत में बहुत भाषाएँ बोली जाती हैं।स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात कौन सी भाषा राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करे, इसके लिए संविधान सभा की कई बैठकें हुयीं।सर्वसम्मति के आधार पर हिंदी को राजभाषा के रूप में 14 सितंबर 1949 को स्वीकार किया गया।इसकी लिपि देवनागरी है।भारतीय संविधान में अनुच्छेद 343 से 351 तक राजभाषा के संबंध में विस्तृत चर्चा है। संविधान में कहीं भी राष्ट्रभाषा का उल्लेख नहीं मिलता है लेकिन अब वक्त आ गया है कि राष्ट्र इस दिशा में चिंतन कर राष्ट्रभाषा के रूप में हिंदी को प्रतिष्ठित करे। हिंदी का वैभव राष्ट्र की सीमा पार कर पूरे विश्व पटल पर अपनी आभा बिखेर रहा है। हिंदी की स्वीकार्यता बढ़ी है। एथ्नोलॉग की रिपोर्ट के अनुसार अंग्रेजी, चीनी भाषा मंडारिन के बाद हिंदी तीसरे स्थान पर विराजमान है।वह समय दूर नहीं जब हिंदी पूरे विश्व में प्रथम स्थान पर सुशोभित होगी। पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल,भूटान, मॉरीशस, थाईलैंड, सूरीनाम, त्रिनिदाद,संयुक्त अरब अमीरात आदि देशों में हिंदी दूसरी एवं तीसरी भाषा के रूप में बोली जाती है। हिंदी के प्रभाव को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र महासभा में हिंदी भाषा की स्वीकृति दी गयी।यद्यपि इसे आधिकारिक भाषा के रूप में अभी स्वीकार नहीं किया गया है।फिर भी विश्व पटल पर हिंदी की लोकप्रियता का यह पुष्ट प्रमाण है। हिंदी के उत्थान के लिए भारतवर्ष और इससे इतर राष्ट्र में लगातार कार्य हो रहे हैं। मॉरीशस में विश्व हिंदी सचिवालय की स्थापना भारत के सहयोग से 2001ईस्वी में की गई तथा भारत में महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा की स्थापना 1996 में की गई। हिंदी आगे बढ़े इसलिए भोपाल में अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय की स्थापना हुई।नई शिक्षा नीति 2020 में भी क्षेत्रीय भाषा के उत्थान के साथ हिंदी की अनिवार्यता पर बल दिया गया है। केंद्र की मोदी सरकार लगातार हिंदी के लिए कार्य कर रही है। मेडिकल,इंजीनियरिंग की पढ़ाई हिंदी में शुरू हो गई है। न्यायालय के निर्णय भी हिंदी में आने लगे हैं। दुनिया के दस सबसे ज्यादा पढ़े जाने वाले अखबारों में छह हिंदी के हैं। हिंदी भाषा पर सर्वे में यह बात सामने आयी है कि गूगल पर दस लाख करोड़ पन्ने हिंदी में उपलब्ध हैं। उपर्युक्त तथ्य हिंदी की जनप्रियता की ओर इशारा करते हैं। हिंदी का जयघोष पूरे विश्व में हो रहा है लेकिन दुर्भाग्य से अपने ही देश में हिंदी राजनीतिक विद्वेष का शिकार हो गयी है।हिंदी राष्ट्र की अस्मिता है,हमारी सांस्कृतिक पहचान है, भारत माँ का सम्मान है, राष्ट्र का अभिमान है और यह अभिमान निरर्थक नहीं है। हिंदी की गतिमानता को स्वीकार करते हुए इस देश में हिंदी के पक्ष में आम राय बननी चाहिए और इसे राष्ट्रभाषा के रूप में स्वीकार कर महात्मा गांधी के सपनों को साकार करने में अपना अमूल्य योगदान देना चाहिए।हिंदी के प्रखर होने से राष्ट्र की एकता और अखंडता भी दृढ़ होगी, ऐसा मेरा मत है।

# सर्वसुलभ भाषा है हिंदी



डॉ. मौसम कुमार ठाकुर




हिंदी केवल एक भाषा ही नहीं हमारी मातृभाषा है। यह केवल भावों की अभिव्यक्ति मात्र न होकर हृदय स्थित सम्पूर्ण राष्ट्रभावों की अभिव्यक्ति है। हिंदी हमारे अस्मिता का परिचायक, संवाहक और रक्षक है। यह संप्रेषण और अभिव्यक्ति की भाषा है चाहे वह पत्रकारिता से हो, दृश्य संचार माध्यम हो या श्रव्य संचार का माध्यम हो। हमारे पुनर्जागरण और पुनर्निर्माण में हिंदी का सशक्त योगदान रहा है. हिंदी हम भारतीयों के लिए सर्व सुलभ भाषा है। आम भारतीय अपने हृदयस्थ भावों को अधिकाधिक हिंदी में ही व्यक्त कर पाता है यही कारण है कि आजादी की लड़ाई में इसी ने हमें कश्मीर से कन्याकुमारी तक एक सूत्र में किया। हिंदी ने हमें वह क्षमता दिया जिससे हम अंग्रेजी हुकूमत का विरोध कर पाये, उन्हें यहाँ से उखाड़ फेंक पाये। उन दिनों 'जय हिंद' और' वंदे मातरम' का उदघोष हमारे हिम्मत और ताकत का पर्याय बन गया था।

हिन्दी की लिपि–देवनागरी की वैज्ञानिकता सर्वमान्य है। लिपि की संरचना अनेक मानक स्तरों से परिष्कृत हुई है। यह उच्चारण पर आधारित है, जो उच्चारण–अवयवों के वैज्ञानिक क्रम– कंठ, तालु, मूर्धा, दंत, ओष्ठ आदि से निःसृत हैं। प्रत्येक ध्वनि का उच्चारण स्थल निर्धारित है और लेखन में विभ्रम की आशंकाओं से विमुक्त है। अनुच्चरित वर्णो का अभाव, द्विध्वनियों का प्रयोग, वर्णो की बनावट में जटिलता आदि कमियों से बहुत दूर है। पिछले कई दशकों से देवनागरी लिपि को आधुनिक ढंग से मानक रूप में स्थिर किया है, जिससे कम्प्यूटर, मोबाइल आदि यंत्रों पर सहज रूप से प्रयुक्त होने लगी है।

हिंदी भाषा में ममत्व है, वात्सल्य है तभी तो यह हमारी मां है। सभी भाषाओं का महत्व है और अलग – अलग पहचान है मैं उनका विरोध नहीं करता हूँ पर हिंदी सर्वाधिक स्नेही और आत्मीय है। ऐसी निकटता दूसरी भाषाओं में नहीं है। यह विचारणीय है कि हिंदी हमारी राजभाषा है पर राष्ट्र भाषा नहीं बन पा रही है। पर बड़े दुख की बात है कि वर्तमान पीढ़ी में मानक हिंदी का प्रयोग धीरे–धीरे समाप्त हो रहा है। साहित्यिक गतिविधियों से लेकर साहित्यिक रचनाओं में इसकी कमी होती जा रही है। परिणाम स्वरूप हम मानक हिंदी से दूर होते जा रहे हैं, उसे भूल रहे हैं। यह अत्यंत आवश्यक हो गया है कि हम मानक हिंदी को जानें, उनका अधिक से अधिक प्रयोग करें। हम हिंदी भाषियों का यह परम कर्तव्य है कि इसका संवर्धन करें।

**हिंदी भाषा का महत्व भारतेंदु हरिश्चन्द्र के इस कथन से लगाया जा सकता है –**

**निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल।**
**बिन निज भाषा–ज्ञान के, मिटत न हिय को सूल।।**
**विविध कला शिक्षा अमित, ज्ञान अनेक प्रकार।**
**सब देसन से लै करहू, भाषा माहि प्रचार।।**

सही अर्थो में कहा जाए तो विविधता वाले भारत अपने को हिंदी भाषा के माध्यम से एकता के सूत्र में पिरोये हुए है।

मान्यता है कि हिंदी शब्द का सम्बन्ध संस्कृत के सिंधु शब्द से माना जाता है। सिंधु का तात्पर्य सिंधु नदी से है. यही सिंधु शब्द ईरान में जाकर हिन्दू, हिंदी और फिर हिन्द हो गया और इस तरह इस भाषा को अपना एक नाम मिल गया। हिंदी भाषा न केवल भारत में बोली जाती है बल्कि दुनियाँ में सबसे अधिक बोली जाने वाले भाषाओं में यह तीसरे स्थान पर है। मॉरीशस, फिजी, गयाना, सूरीनाम, संयुक्त राज्य अमेरिका, दक्षिण अफ्रीका, यमन, युगांडा, सिंगापुर, नेपाल, न्यूजीलैंड और जर्मनी जैसे देशों के एक बड़े वर्ग में भी प्रचलित है। किसी भी स्वतंत्र राष्ट्र की अपनी एक भाषा होती है जो उसका गौरव होता है। राष्ट्रीय एकता और राष्ट्र के स्थायित्व के लिए इसका होना अनिवार्य है।

स्वंत्रता प्राप्ति से पूर्व कांग्रेस ने यह निर्णय लिया था कि स्वंत्रता प्राप्ति के बाद भारत की राजभाषा हिंदी होगी जिसे स्वतंत्र भारत की संविधान सभा द्वारा 14 सितम्बर 1949 को भारत संघ की राजभाषा के रूप में मान्यता दे दी गई।


आज विश्व के लगभग डेढ़ सौ विश्वविद्यालयों में हिन्दी पढ़ी और पढ़ाई जा रही है। विभिन्न देशों के 91 विश्वविद्यालयों में 'हिन्दी चेयर' है।

किसी भी भाषा को राष्ट्रभाषा बनने के लिए उसमें सर्वव्यापकता, प्रचुर साहित्य रचना, बनावट की दृष्टि से सरलता और वैज्ञानिकता, सब प्रकार के भावों को प्रकट करने की सामर्थ्य आदि गुण होने अनिवार्य होते हैं। यह सभी गुण हमारे मातृभाषा हिंदी मे है। हिंदी भाषा का इतिहास लगभग एक हजार वर्ष पुराना माना गया है।

हिंदी भाषा व साहित्य के विद्वान अपभ्रंश की अंतिम अवस्था 'अवहट्ट' से हिंदी का उद्भव मानते हैं, जिसे पंडित चंद्रधर शर्मा गुलेरी ने 'पुरानी हिंदी' नाम दिया।

विश्व में अपनी पहचान बनाये रखने के लिए हमें सशक्त संप्रेषण की आवश्यकता होती है और इसके लिए हमें एक ऐसी भाषा चाहिए जिसमें देश के अधिकांश जन भावनाओं का प्रेम एवं उदगार निहित हो। हिंदी ही एक ऐसी भाषा है जो तमाम ग्राही तत्वों के साथ संप्रेषण का सशक्त माध्यम है।

# स्मृति शेषः सीताराम येचुरी



डॉ. रमेश ठाकुर



भारतीय राजनीति में वंचितों, जरूरतमंदों व आदिवासियों की एक और मुखर आवाज गुरुवार को शांत हो गई। सीताराम येचुरी के रूप में देश ने संवेदनशील और ऊर्जा से भरा नेता खो दिया। जीवन के 72वें वसंत पूरे कर येचुरी ने गुरुवार को दिल्ली स्थित एम्स अस्पताल में अंतिम सांसें लीं। उनका निधन देश की राजनीति, खासकर वामपंथी विचारधारा के लिए गहरे आघात जैसा है। येचुरी वामपंथ की सियासत में ही लोकप्रिय नहीं थे, वे भारतीय राजनीति के भी चर्चित चेहरे थे।

सीताराम येचुरी का संपूर्ण जीवन जन सरोकारों के लिए जूझते नेता के रूप में बीता। इमरजेंसी में उन्हें भी जेल में डाला गया। इंदिया गांधी की सरकार को आगे बढ़ कर ललकारने वाले वह ऐसे नेता थे, जिन्होंने इंदिया गांधी के सामने उनसे इस्तीफा मांगा था। दरअसल, आपातकाल के बाद 1977 में इंदिरा गांधी की चुनावी हार के बावजूद जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की कुलाधिपति के पद पर वे जमी हुई थीं। जबकि जेएनयू के छात्रसंघ अध्यक्ष सीताराम येचुरी इंदिरा को तानाशाह बताते हुए उनके इस्तीफे की मांग को लेकर इंदिरा गांधी के आवास पर पहुंच कर डट गए। इंदिरा गांधी के सामने उन्होंने ज्ञापन पढ़कर सुनाया जिसमें इंदिरा गांधी से इस्तीफा मांगा गया था। घटना के बाद इंदिरा गांधी ने कुलाधिपति के पद से इस्तीफा दे दिया।

सीताराम येचुरी भारतीय राजनीति का बेहतरीन दौर जीकर गए। जीवनकाल के अंत तक राजनीति में सक्रिय रहे। बीते कुछ समय से वह 'एक्यूट रेस्पिरेटरी टैक्ट इंफेक्शन' से पीड़ित थे, जिसने उनके अंगों को धीरे–धीरे कमजोर कर दिया था। पिछले माह 19 अगस्त को उन्हें एम्स में भर्ती करवाया गया। हालात में कुछ सुधार हुआ भी था लेकिन 10 सितंबर को स्थिति ज्यादा बिगड़ी तो चिकित्सकों ने उन्हें आईसीयू में रखा। लेकिन शायद उनकी जीवन की यात्रा पूरी हो चुकी थी। येचुरी का निधन उनके चाहने वालों के लिए निजी क्षति जैसा है। भारतीय राजनीति में वह उन राजनीतिज्ञों में गिने जाते थे जिनकी विचारधारा की सीमाओं से परे भी स्वीकार्यता थी।

12 अगस्त 1952 में एक तमिल ब्राह्मण के घर में जन्मे येचुरी ने दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफन कॉलेज से अर्थशास्त्र में बीए किया था। उन्होंने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से एमए किया। पीएचडी भी कर रहे थे लेकिन इमरजेंसी में जेल जाने के बाद पढ़ाई बीच में छूट गई। उनका सपना सीए बनने का था। अर्थशास्त्र उनका प्रिय सब्जेक्ट था। लेकिन किस्मत शायद उन्हें राजनीति की ओर खींच रही थी। वर्ष–1975 में उन्होंने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के सदस्य बनकर राजनीतिक सफर शुरू किया। 1984 में वह सीपीआई एम की केंद्रीय समिति में शामिल हुए। 2005 में वह पार्टी की ओर से पश्चिम बंगाल से राज्यसभा सांसद चुने गए। वहीं, साल 2015 में पार्टी का महासचिव बनाया गया। तब से लेकर आजतक वह वामपंथ की राजनीति के प्रमुख चेहरों में एक रहे थे। उनके संबंध सभी दलों के नेताओं से मधुर रहे। विभिन्न राजनीतिक मामलों पर अपनी बात मुखरता से रखते थे, लेकिन उन्होंने कभी किसी नेता पर निजी हमला नहीं किया। ओछी राजनीति से उन्होंने हमेशा परहेज किया।

येचुरी का परिवार मूल रूप से आंध्र प्रदेश के काकीनाडा से था। उन्होंने तमिल महिला से प्रेम विवाह किया था। कोरोना के दौरान जब उनके बड़े पुत्र का निधन हुआ तो वह पूरी तरह से टूट गए, शरीर भी तभी से ढलना आरंभ हुआ। येचुरी की अंतिम इच्छा थी कि मौत के बाद उनका शरीर दान कर दिया जाए। उनकी इच्छा के मुताबिक परिवार वालों ने येचुरी के पार्थिव शरीर को दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान में मेडिकल छात्रों को रिसर्च के लिए दान करने का निर्णय लिया।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# राजस्थान की नई पर्यटन नीति जल्द आयेगी: दिया कुमारी

चमकता राजस्थान





**जयपुर, 13 सितम्बर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने राजस्थान पर्यटन विभाग और फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म ऑफ राजस्थान (एफएचटीआर) के संयुक्त तत्वावधान में जयपुर स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में शुक्रवार को राजस्थान डोमेस्टिक ट्रेवल मार्ट (आरडीटीएम) के चौथे संस्करण का उद्घाटन किया।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा कि यह हर्ष का विषय है कि पर्यटन विभाग, राजस्थान और फेडरेशन ऑ×फ हॉस्पिटलिटी एंड टूरिज्म ऑ×फ राजस्थान (एफएचआरटी) के सहयोग से 4इँ ₹ राजस्थान डोमेस्टिक ट्रेवल मार्ट (RDTM) 2024 का आयोजन किया जा रहा है।

दिया कुमारी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का पर्यटन के लिए विजन बहुत ही दूरदर्शी और उत्कृष्ट है। उन्हीं के प्रयास से फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की जयपुर यात्रा हुई और जयपुर विश्व के पर्यटन मानचित्र पर छा गया।

उन्होंने कहा कि हम राजस्थान में जल्दी ही नई पर्यटन नीति को लांच करेंगे।

उपमुख्यमंत्री ने दिसम्बर में आयोजित हो रहे राइजिंग राजस्थान में यहां पर्यटन के क्षेत्र में अधिक से अधिक इन्वेस्टमेंट करने के लिए आ''ान किया। उन्होंने कहा कि हम राजस्थान में पर्यटन से सम्बंधित व्यावसायिक गतिविधियों के लिए ईज ऑफ बिजनेस को बढ़ावा देंगे। यहां पर्यटन के लिए सड़कों, रेल, हवाई सुविधाओं का विकास करेंगे। जिन कार्यों का हम शिलान्यास करेंगे उन कार्यों का हम ही उद्घाटन करेंगे इसी पर लक्षित हो कर काम किये जा रहे है। उन्होंने ने कहा कि सौ करोड़ की लागत से महाराणा प्रताप सर्किट बनाया जा रहा है। श्री खाटूश्यामजी तथा कई मंदिरों का पर्यटन की दृष्टि से विकास किया जा रहा है। हम पर्यटकों को सुरक्षा और सुविधा दोनों उपलब्ध करवाएंगे। उन्होंने कहा कि शेखावाटी की हवेलियों को यूनेस्को की वर्ड हेरिटेज साइट में शामिल करने की दिशा में भी काम किया जाएगा।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान अपने इतिहास और वैभवशाली स्थापत्य कला, ऐतिहासिक धरोहरों, धार्मिक स्थलों के कारण आकर्षण का केन्द्र रहा है। यहां की धरोहर संरक्षण के साथ पर्यटन की आधुनिक सुविधाओं का विकास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि धरोहर के मूल स्वरुप से खिलवाड़ नहीं किया जाना चाहिए।

दिया कुमारी ने भीम सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जब राजस्थान में पर्यटन था ही नहीं तब आपने पर्यटन शुरू किया और आज राजस्थान का विश्व में पर्यटन का अपना मुकाम है।

उपमुख्यमंत्री ने राजस्थान पर्यटन में रणवीर सिंह और ललित के पंवार के योगदान के लिए भी आभार जताया।

शासन सचिव, पर्यटन, कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग श्री रवि जैन ने कहा कि उपमुख्यमंत्री का पर्यटन में बहुत गहन और शानदार विजन है जिसके आधार पर राजस्थान में पर्यटन का उज्जवल भविष्य नजर आ रहा है। पर्यटन की दृष्टि से राजस्थान एक नहीं अनेक विशेषताओं का गढ़ है। राजस्थान का पर्यटन समृद्ध है। पर्यटन स्थलों के आसपास सुविधाओं के विकास से ही पर्यटन के क्षेत्र में राजस्थान दुनिया का सिरमौर बन सकता है। देश-विदेश से राजस्थान आने वाले व्यवसायियों, पर्यटकों और नियोक्ताओं को सुविधाएं प्रदान की जाए इसी दिशा में विशेष ध्यान दिया जा रहा है, और आरडीटीएम में पर्यटन को बढ़ावा देने के सभी प्रयास साकार होंगे। विदेशी पर्यटकों के साथ ही देशी पर्यटकों के अगमन से स्थानीय लोगों को लाभ होता है और पर्यटन से रोजगार के अवसर भी बढ़ते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### नगला वीजा में इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली घटना आई सामने

- बारिश के मौसम में शमशान घाट पर टीन शेड की व्यवस्था न होने से,
- एक महिला के अंतिम संस्कार के लिए लोगो को उठानी पड़ी भारी मशक्कत



**चमकता राजस्थान। भरतपुर (राजवीर सिंह)।** क्षेत्र में उच्चैन के गाव नगला बीजा में भारी बारिश के बीच इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली एक ऐसी घटना सामने आई है, जो यह सोचने पर मजबूर करती कि बड़े बड़े वायदे करने वाले जनप्रतिनिधियों की मर चुकी आत्माओं के साथ, उन्हें अपने क्षेत्र में किसी की मौत के बाद अंतिम यात्रा में होती परेशानियों से भी कोई लेनादेना नही है। प्राप्त जानकारी अनुसार गाव नगला बीजा के शमशान घाट में बारिश के मौसम में, शव के अंतिम संस्कार स्थल पर टीन शेड की व्यवस्था न होने की वजह से, एक महिला के अंतिम संस्कार के लिए लोगो को भारी मशक्कत उठानी पड़ी। बताया गया है कि बारिश में अंतिम संस्कार के लिए शादी समारोह के दौरान काम में लिए जाने वाले लोहे के पोल गड़वा, उस पर टीन सेट लगाकर युवती का अंतिम संस्कार किया गया। दुख की इस घड़ी में लोग जनप्रतिनिधीओं को जी भरकर कोसते भी नजर आए।

### जीतेंद्र कंसाना पुन: अध्यक्ष व मनीष पचौरी मंत्री निर्विरोध निर्वाचित हुये



**चमकता राजस्थान । धौलपुर (रामदास तरुण)।** बाड़ी उपखण्ड में आज दिनांक :-13 सितंबर 24 को राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय का वार्षिक चुनाव रा. उ. मा. वि. बाडी में चुनाव अधिकारी हरिओम सिंह सिकरवार और पर्यवेक्षक देवेश प्रसाद शर्मा, मोहन सिंह सिकरवार, नवनीत प्रिय त्रिपाठी की देखरेख में संपन्न हुआ। जिसमे सत्र 2024-25 हेतु उपशाखा बाडी अध्यक्ष जीतेंद्र कंसाना, मंत्री मनीष पचौरी, कोषाध्यक्ष शिवकुमार सिंघल, सभाध्यक्ष बिजेंद्र शर्मा , महिला मंत्री पिंकी शर्मा, उपसभाध्यक्ष सुमन कुशवाह, मानसिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जीतेंद्र यादव, हरभजन गुर्जर, श्वेता सारस्वत, राजेश कुमार गुर्जर, कैलाश चंद, रिंकी गुर्जर, प्रधानाचार्य सदस्य विनोद शर्मा, वरिष्ठ अध्यापक प्रतिनिधि जानकी नंदन शर्मा, प्राध्यापक प्रतिनिधि पवन कुमार भारद्वाज, महिला शिक्षक प्रतिनिधि अनुराधा चौधरी, प्रयोग शाला सहायक सूरज मीना, पुस्तकालय अध्यक्ष कमलेश शर्मा, शारीरिक शिक्षक प्रतिनिधि हनुमान पदारीवाल, सेवानिवृत शिक्षक कल्याण पराशर, प्रदेश महासमिति रघुवीर प्रसाद शर्मा, राजेश कुमार शर्मा, उमा पाठक, कुलदीप कौर, जिला महासमिति सदस्य सुनील कुमार शर्मा, पुष्पेंद्र कुमार शर्मा, मालती शर्मा, कुलदीप कौर, विनोद कुमार शर्मा, राजेश शर्मा, लक्ष्मण सिंह, महाराज सिंह मीना, जीतेंद्र जाटव, भारत भूषण, रीना शर्मा, देवकी नन्दन शर्मा, संतोष कुमार सैन, अशोक शर्मा, गौरव, अतर सिंह गुर्जर, रामनिवास शर्मा, मुकेश कुमार निर्विरोध निर्वाचित हुए।

इस अवसर शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपाशाखा बाडी के बड़ी संख्या में वरिष्ठ कार्यकर्ता एवम सदस्य उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में दो बर्षीय बालक सहित चार जनें घायल

- गांव ऊँच में तीये की बैठक में आ रहे सभी घायल
- नदबई-खेडली मार्ग पर कटारा के समीप हादसा

चमकता राजस्थान



नदबई, (राजवीर सिंह)
नदबई-खेडली मार्ग पर गांव कटारा के समीप अचानक चलती गाडी का गेट खुलने पर असंतुलित होकर गाडी पलट गई। जिसके चलते कार में सवार दो बर्षीय बालक सहित चार जनें घायल हो गए। अचानक चीख पुकार सुनकर समीपवर्ती ग्रामीणों ने 108 एम्बूलेंस की सहायता से घायलों को नदबई उपजिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

सूत्रों की मानें तो ऊँच निवासी मनमोहन शर्मा पुत्र नत्थीलाल शर्मा अपने अन्य परिजनों को लेकर खेडली से अपने गांव ऊँच में तीये की बैठक में आ रहा। इसी दौरान अचानक गांव कटारा के समीप चलती गाडी का दरवाजा खुलने पर गाडी असंतुलित होकर सडक किनारे पलट गई। जिसके चलते गाडी में सवार दो बर्षीय बालक डुग्गू पुत्र राजमोहन सहित ने-हा पत्नी राजमोहन शर्मा, गौरा पत्न ी चन्द्रमोहन व अनीता शर्मा पुत्री मुकेश शर्मा घायल हो गए। घायलों को उपजिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। बाद में दो बर्षीय डुग्गू सहित अनीता को गंभीर स्थिति में जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया। इस संदर्भ में समाचार लिखे जाने तक पुलिस में मामला दर्ज नही हुआ।

## धौलपुर पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने जलभराव क्षेत्रों का लिया जायजा और ग्रामीणों के जाने हाल



**चमकता राजस्थान। धौलपुर( रामदास तरुण)।** धौलपुर जिले में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने आज जल बराबर क्षेत्र का दौरा कर लिया जायजा! ग्रामीणों से पूछी कुशल क्षेम पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने धौलपुर जिले के जलभराव ग्रामीण इलाकों का जायजा लेते हुए! ग्रामीणों से बातचीत कर उनके सुख -दुख के बारे में हालचाल जाने, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने जलभराव वाले क्षेत्रों में ग्रामीणों को भोजन वितरित किया, ग्रामीणों ने अपना दुख व्यक्त किया, जिस पर उन्होंने अधिकारियों से बात की। इस मौके पर पार्षद अकील अहमद, पूर्व पार्षद शैलेंद्र यादव सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पानी बँटबारे की माँग को लेकर मिटिंग आज

- अनेक गणमान्य लोग लेगे हिस्सा

**चमकता राजस्थान। भरतपुर (राजवीर सिंह)।** करौली जिले में स्थित पाँचना बाँध के पानी के बँटबारे की माँग को लेकर आज शनिवार को भरतपुर के खिन्नी घाट स्थित खन्डेलवाल धर्मशाला में प्रातः 11 बजे महत्वपूर्ण मिटिंग आयोजित होगी ।

किसान नेता और पूर्व जिला पार्षद इन्दल सिंह जाट ने बताया कि इस बैठक में भाजपा और कांग्रेस सहित सभी पार्ट्रीयों के ' तथा अनेक गैर राजनैतिक संगठनों से जुड़े अनेक प्रमुख नेता ' पदाधिकारी ' कार्यकर्त्ता हिस्सा लेगे । भरतपुर के पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन द्वारा इस मिटिंग में शामिल होने के लिये बड़ी संख्या में लोगों को आमंत्रित किया गया हैं ।

इस बैठक में पाँचना बाँध के पानी का बँटबारा करने तथा भरतपुर जिले के हिस्से बाले पानी को समय समय पर गम्भीर नदी में छोड़ने की माँग रखी जायेगी ताकी सूखी खेती और बगैर पानी के बर्बाद होते केवलादेव नेशनल पार्क घने के अस्तित्व को बचाया जा सके ।

किसान नेता इन्दल सिंह ने बताया कि जब भरतपुर जिले की जनता को पानी की जरूरत होती है तब पाँचना बाँध से गम्भीर नदी में पानी नहीं छोड़ा जाता और जब बाढ़ और बर्बादी का खतरा होता हैं तब बगैर भरतपुर की जनता की जरूरत के पानी यकायक नदी में छोड़ दिया जाता हैं जिसकी बजह से यहाँ जिले में व्यापक जन धन की हानी जनता को उठानी पड़ती हैं । इस मिटिंग में माँग पत्र मुख्यमंत्री को देने पर भी विचार विमर्श किया जायेगा । इस बैठक में सभी विचार धारा ' और विभिन्न संगठनों ' किसानों को आमंत्रित किया गया हैं।

## प्रभारी सचिव पी रमेश ने लिया बाढ़ के प्रति तैयारियों की समीक्षा बैठक, आवश्यक एहतियाती उपायां पर दिए निर्देश

### बाढ़ राहत बचाव हेतु सभी एजेंसियां पूर्ण समन्वय बनाये रखें: प्रभारी सचिव

चमकता राजस्थान



**धौलपुर( रामदास तरुण)** । धौलपुर, 13 सितम्बर 24 को जिले में अतिवृष्टि के कारण एवं विद्युत व्यवस्था के संबंध में उन्होंने अधीक्षण अभियन्ता जेवीवीएनएल से टूटे हुए विद्युत खम्भों, पोल इत्यादि के कारण विद्युत आपूर्ति में आ रही बाधा के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि विद्युत खम्भां को दुरूस्त कर जल्द से जल्द विद्युत आपूर्ति बहाल की जाये। उन्होंने अधीक्षण अभियंता पीएचईडी को ऐसे क्षेत्रों में जहां पेयजल की आपूर्ति बाधित हुई है वहां टैंकर्स के जरिए आपूर्ति किये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राशन एवं अन्य नागरिक आपूर्तियां यथा पैट्रोल, डीजल, रसोई गैस इत्यादि सतत ढंग से बनाये रखें। अत्यधिक जलभराव से प्रभावित लोगों को भोजन एवं अन्य आवश्यक सामग्रियां मुहैया की जाये। उन्हांने कहा कि अतिवृष्टि से प्रभावित फसलों की सम्पूर्ण गिरदावरी की जाये। इस मौके पर जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने कहा कि यद्यपि स्थिति अभी नियंत्रण में हैं, जिला प्रशासन बाढ़ राहत बचाव कार्यां हेतु पूरी तरह मुस्तैद हैं। सभी एजेन्सियों को जमीनी स्तर पर मय संसाधनों के अलर्ट मोड़ पर रखा गया है। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# संभागीय आयुक्त एवं जिला कलक्टर, पुलिस अधीक्षक ने किया अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

चमकता राजस्थान



**धौलपुर( रामदास तरुण)** । धौलपुर, 13 सितम्बर 24 को अतिवृष्टि के बाद जिले में अलग-अलग जगहों पर हुए जलभराव से प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेने संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा, जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी एवं पुलिस अधीक्षक सुमित मेह-रड़ा ग्राउण्ड जीरो पर पहुंचे। जिला प्रशासन ने जलभराव से प्रभावित विभिन्न क्षेत्रों में गांवों-गांवों जाकर स्थिति का जायजा लिया।

संभागीय आयुक्त जिला प्रशासन के साथ सैंपऊ उपखण्ड के गांव गोगली में जलभराव की स्थिति एवं नहर के आस-पास अत्यधिक वेग से प्रवाहित जल की स्थिति का जायजा लेने पहुंचे। उन्होंने जल संसाधन विभाग के अधिकारियां को मौके पर स्थिति के नियंत्रण एवं प्रबंधन हेतु निर्देशित किया। वहीं सहरौली ग्राम में जाकर अतिवृष्टि से धराशाही हुए मकानों का निरीक्षण किया। संभागीय आयुक्त ने तहसीलदार सैंपऊ राहुल धाकड़ को जर्जर मकानों में रह रहे सभी प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थान पर स्थानान्तरित करने एवं भोजन इत्यादि के प्रबन्ध हेतु निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने अतिवृष्टि से जर्जर हुए मकानों के क्षतिपूर्ति हेतु सहायता प्रस्ताव त्वरित भिजवाने के निर्देश दिए। उन्होंने सहरौली में राजकीय विद्यालय में हुए जलभराव का निरीक्षण कर समस्या के समाधान हेतु निर्देशित किया। वहीं रजौराखुर्द ग्राम के पास जलभराव की समस्या के समाधान हेतु जल संसाधन विभाग को जेसीबी एवं एलएनटी की सहायता से जल के प्रवाह की दिशा परिवर्तित करने के निर्देश दिए। संभागीय आयुक्त ने चंदू का नगला, डंडौतिया का पु-रा, रजौराकलां गांवों में जलभराव की विस्तृत स्थिति का निरीक्षण तहसीलदार एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के स्थिति के नियंत्रण हेतु, निर्देशित किया साथ ही प्रभावित लोगों की सहायता हेतु प्रस्ताव भिजवाने के निर्देश दिए। उन्होंने जलभराव से प्रभावित गांवों में फसल खराबे की गिरदावरी पटवारी के जरिये शीघ्र सम्पन्न कराये जाने हेतु कहा। उन्होंने कहा कि ग्राम विकास अधिकारियों एवं ग्रामीणों के मध्य समन्वय से उपयुक्त स्थलों पर कटाव कर जलभराव निकासी के निर्देश दिए।

इस मौके पर जिला कलक्टर ने परिवारों से वार्ता कर उनको अतिवृष्टि के कारण हुई परेशानियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने नेमीचन्द के परिवार को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने एवं अन्य सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारी को प्रदान किए। वहीं उन्होंने नरपुरा रेलवे अण्डर ब्रिज के पास स्थित जलभराव क्षेत्र का निरीक्षण करने पर रेलवे के अधिकारियों से सम्पर्क कर पुलिया निर्माण कर जल निकासी की व्यवस्था कराये जाने हेतु निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सैंपऊ में पार्वती नदी के पुल पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम करने के निर्देश प्रदान किए!उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पुल पर सुरक्षा की दृष्टि से खम्बों पर रिफ्लेक्टर लगवाए, वाहन धीमी गति से चलाने के चैतावनी बोर्ड व अस्थाई स्पीड ब्रेकर लगवाए। इस मौके पर विधायक बाड़ी जसवन्त सिंह गुर्जर, आर्मी पदाधिकारी एवं विकास अधिकारी सैंपऊ साथ मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### अमृत ग्रुप व नवयुवक सेक्टर 11 समिति ने किया गणेश जी विसर्जन !



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** सेक्टर 11 मालवीय नगर में अमृत ग्रुप व नवयुवक सेक्टर 11 समिति की और से 7 दिवसीय गणेश चतुर्थी कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसके चलते आज 7 दिवस पूर्ण होने पर गणेश जी विसर्जन किया गया समाज सेवी राजन सरदार ने बताया कार्यक्रम में ओम प्रकाश जादौन, जीतू मंगनानी, ललित, मलिंगा, सन्नी, मनीष, नीरज, लक्की, धुर्व व समस्त कार्यकर्ता मौजूद रहे !

### जेडीसी आनन्दी ने आईपीडी टावर, शिवदासपुरा में निर्माणाधीन सेटेलाईट अस्पताल का किया दौरा

- निर्धारित समय सीमा में प्रोजेक्ट पूरा करने के दिए सख्त निर्देश



**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी) 13 सितम्बर।** जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी ने शुक्रवार को निर्माणाधीन प्रमुख परियोजना आईपीडी टॉवर एवं शिवदासपुरा में निर्माणाधीन सेटेलाईट अस्पताल का दौरा किया। साथ ही जेएलएन मार्ग, जवाहर सर्किल व टोंक रोड़ इत्यादि पर चल रहे सड़क मरम्मतीकरण के कार्यों का मौका निरीक्षण किया गया। जेडीसी ने दौरे के दौरान आईपीडी टॉवर व कॉर्डियो भवन की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की। आईपीडी टॉवर के विभिन्न चिकित्सीय तलों के कार्य हेतु प्रस्तावित इस्तेमाल व कार्य में प्रयुक्त होने वाली निर्माण सामग्री के बारे में जानकारी प्राप्त की। जेडीसी द्वारा कार्य की प्रगति में आ रही बाधाओं व मुद्दों, जिन पर निर्णय बाकी है, के बारे में जाना व इस हेतु तत्काल कार्यवाही कर संबंधित से सम्पर्क करने के आवश्यक निर्देश दिए। कार्डियों भवन के कार्य को अक्टूबर-2024 तक पूर्ण करने एवं प्रोजेक्ट के विभिन्न कार्यों हेतु काम में ली जा रही निर्माण सामग्री गुणवत्तापूर्ण लगाने के निर्देश दिए। जेडीसी ने बारिश के दौरान क्षतिग्रस्त सड़कें जेएलएन मार्ग, जवाहर सर्किल व टोंक रोड़ इत्यादि पर चल रहे कोल्ड मिक्स से पेच रिपेयर कार्य का औचक निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं सड़कों को शीघ्र सुधारने के निर्देश दिए।

जेडीसी ने दीवाली व राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट - 2024 के मद्देनजर सभी सड़कों को समयसीमा में सुधारने के निर्देष दिए। सांगानेर से हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 के सामने की सड़क की चौड़ाई बढ़ाने में आ रही कठिनाईयों व उनका शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिससे टोंक रोड से महल रोड़ को जोड़ने वाली इस महत्वपूर्ण सड़क को शीघ्र पूर्ण किया जा सके। जेडीसी ने शिवदासपुरा में रिंग रोड के पास निर्माणाधीन 50 बेड के सेटेलाईट अस्पताल का अवलोकन किया। अस्पताल में प्रस्तावित विभिन्न सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सेटेलाईट अस्पताल में अपर्याप्त ड्रेनेज से भवन निर्माण में हुई विलम्ब पर नाराजगी व्यक्त कर इस भवन व अन्य सभी आगामी भवनों में समुचित ड्रेनेज, वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर व भवन में आवश्यकतानुसार एस.टी.पी. निर्माण करने के निर्देष दिए। सेटेलाईट अस्पताल भवन हेतु समुचित पार्किंग व्यवस्था करने के निर्देश दिए। जेडीसी द्वारा प्रोजेक्ट से संबंधित अभियन्ताओं को फील्ड में रहकर निरंतर मॉनिटरिंग के साथ कार्य प्राथमिकता/गुणवत्तापूर्ण रूप से तय समय सीमा में पूर्ण करवाने के सख्त निर्देष दिये गये।

## जोधपुर - खेजडली- जाडन सड़क मार्ग निर्माण की घोषणा

# उप मुख्यमंत्री सुश्री दिया कुमारी ने खेजड़ली शहीद मेले में की शिरकत

## खेजडली धाम को भव्य बनाने के हरसंभव प्रयास होंगे : सुश्री दिया कुमारी

चमकता राजस्थान

**जोधपुर,13 सितंबर।** माननीया उप मुख्यमंत्री सुश्री दिया कुमारी ने शुक्रवार को जोधपुर के खेजड़ली शहीद मेले में शिरकत की। उन्होंने मां अमृता देवी शहीद स्मारक पहुंचकर 363 पर्यावरण के लिए बलिदान देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उप मुख्यमंत्री ने गुरु जम्भेश्वर भगवान के मंदिर में पूजा अर्चना की एवं प्रदेश के खुशहाली के लिए कामना की।





### 'शहीद अमृतादेवी बिश्नोई सड़क मार्ग' फोर लेन सड़क मार्ग की घोषणा

उप मुख्यमंत्री ने जोधपुर- खेजड़ली-जाडन फोर लेन सड़क मार्ग निर्माण की घोषणा की और कहा इस सड़क मार्ग का नाम 'शहीद अमृतादेवी बिश्नोई सड़क मार्ग होगा।

संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि मारवाड़ के लोगों के लिए खेजड़ी का वृक्ष किसी वरदान से कम नहीं है, हमें इसके संरक्षण एवं संवर्धन की आवश्यकता है। खेजड़ी से प्राप्त लघु वन उपज से किसानों को आर्थिक संबल भी मिलता है। उन्होंने खेजड़ली बलिदान एवं पर्यावरण संरक्षण के इतिहास से आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

### 'पेड़ है तो जल है,जल है तो कल है' : उप मुख्यमंत्री

उप मुख्यमंत्री सुश्री दिया कुमारी ने संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण एवं जीवरक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले शहीदों की पावन धरा को नमन करती हूं।

उन्होंने कहा 'पेड़ है तो जल है,जल है तो कल है' इस विचार को हम आज समझ रहे है किंतु आज से लगभग 300 वर्ष पूर्व मां अमृता देवी सहित 363 लोगों ने शहादत देकर पर्यावरण संरक्षण एवं जीव रक्षा का संदेश दिया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व पटल पर्यावरण संरक्षण एवं जीव रक्षा के साथ पृथ्वी को सुरक्षित बनाने के कृत संकल्पित होकर कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' के निर्माण में पर्यावरण का सर्वाधिक योगदान होगा।

सुश्री दिया कुमारी ने कहा गुरु जम्भेश्वर भगवान के आदर्शों पर चलकर बिश्नोई संप्रदाय पर्यावरण की रक्षा कर प्रकृति को बचाकर मानव सेवा के लिए कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि बजट घोषणा के अनुरूप हम मां अमृता देवी का भव्य स्मारक बनाएंगे।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत, शहर विधायक अतुल भंसाली, विधायक फलोदी पब्बाराम विश्नोई, पूर्व विधायक बिहारीलाल बिश्नोई एवं पूर्व विधायक महेंद्र बिश्नोई,देवेन्द्र बुड़िया,सरपंच श्रीमती बरजू देवी सहित जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# सार्वजनिक निर्माण विभाग की धौलपुर प्रकरण में विभागीय जाँच पूरी

## दोषियों को चार्जशीट देने की तैयारी !

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** सार्वजनिक निर्माण विभाग धौलपुर में बिना सड़क बनाएँ करोड़ों के भुगतान मामले में विभागीय जाँच पूरी कर ली गई है अब प्रकरण में शामिल दोषियों को चार्जशीट देने की तैयारी चल रही है मिली जानकारी के अनुसार सार्वजनिक निर्माण विभाग धौलपुर डिवीज़न में जून 2024 , सड़क निर्माण कार्य में भारी घोटाला होने की जाँच के लिए विभागीय समिति गठित की गई थी अब समिति ने अपनी रिपोर्ट पेश कर दी है और मामला DOP में है,कभी भी दोषियों को चार्जशीट दी जा सकती है !

## RPSC भंग करने के लिए इच्छाशक्ति की ज़रूरत : सचिन पायलट

चमकता राजस्थान




जोधपुर। कांग्रेस महासचिव और पूर्व उपमुखमंत्री सचिन पायलट शुक्रवार को जोधपुर पहुंचे, पायलट ने खेजड़ली में संबोधित करते हुए कहा की समाज का हर वर्ग शिक्षा और संस्कार पर ध्यान दें. हमें अपनी जीवनशैली से युवा को संस्कार देने की आवश्यकता है. स्व.रामसिंह बिश्नोई को याद करते हुए कहा कि मैंने जब कांग्रेस की सदस्यता ली तो उन्हें विशेष रूप से आमंत्रित किया. जो समाज के लिए काम करते हैं उन्हे हमेशा याद रखा जाता है. अपनी एकजुटता बनाए रखें, आपका हित कौन सोचता है यह देखने की आवश्यकता है. बिश्नोई समाज के लिए मैं हमेशा तत्पर रहूंगा. विश्नोई समाज का पुराना इतिहास रहा है समाज के युवा साथी अपने इतिहास को यादों में संजोकर बैठे हैं. इसके समाज के अलावा इतिहास में ऐसा कोई उदाहरण नहीं है जो प्राणी और पर्यावरण की रक्षा करता है. समय बदलता है तो इंसान को बदलना पड़ता है. कुछ ऐसे संस्कार है जो हमें हमारी नई पीढ़ी को देने है. आज नई पीढ़ी को त्याग, तपस्या, बलिदान के संस्कार देने की आवश्यकता है. समाज ने त्याग और बलिदान के बल पर जो नाम कमाया है उसे हमें संजोए रखना होगा. महिलाएं इतने अधिक गहने पहनकर सज-धज आईं, यह देखकर मुझे प्रसन्नता हुई.। उन्होंने कहा कि सरकार में सत्ता के अलग-अलग केंद्र बन गए हैं। किसी को मालूम नहीं कि मंत्री कैबिनेट में है या नहीं। संगठन कुछ बोलता है और सरकार कुछ बोलती है। ये बिखराव बहुत जल्दी हो गया। आमतौर पर तीन-चार साल बाद ये खिंचाव होता है। इसका नुकसान लोगों को होता है। आरपीएससी पर मंत्री किरोड़ीलाल मीणा के बयान पर उन्होंने कहा कि अगर सरकार की इच्छाशक्ति हो तो आरपीएससी भंग की जा सकती है। आरपीएससी पर लोगों का विश्वास नहीं रहा।

### शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने किया वीर तेजाजी मेले का शुभारंभ



**चमकता राजस्थान। जयपुर! (खलील कुरैशी) 13 सितंबर।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने शुक्रवार को कोटा जिले के रंगबाड़ी में प्रतिवर्ष तेजा दशमी पर आयोजित होने वाले वीर तेजाजी मेले का भव्य शुभारंभ किया। मेले में बड़ी संख्या में तेजाजी महाराज के श्रद्धालु एवं भक्तजन उपस्थित थे। उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि मेले हमारी लोक संस्कृति के परिचायक हैं। मेलों के माध्यम से समाज को मेल मिलाप का एक बहुमूल्य अवसर मिलता है और हम सभी एकजुट होते हैं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि वीर तेजाजी हमारे लोकदेवता हैं, वे हमारे प्रेरणा के स्त्रोत हैं। तेजाजी ने अपने वचन को निभाया जो हमें सीख देता है कि हम हमेशा अपना वचन निभाएं। उन्होंने कहा कि तेजाजी महाराज ने गोवंश की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ी और गायों को बचाया। आज के समय भी हमें गोवंश की रक्षा और संरक्षण की आवश्यकता है। दिलावर ने सभी को तेजादशमी और बाबा रामदेव की जयंती की शुभकामनाएं दी। इससे पहले शिक्षा मंत्री ने मेला स्थल पर पहुंचकर मंदिर में वीर तेजाजी महाराज के दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया

# गोविंद सिंह डोटासरा श्री वीर तेजाजी महाराज के ऐतिहासिक वार्षिक मेले में हुए सम्मिलित

चमकता राजस्थान





**जयपुर, 13 सितम्बर।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने वीर तेजाजी महाराज की दशमी तथा लोकदेवता श्री बाबा रामदेव जी की जयंती के अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी तथा प्रदे-श के विभिन्न स्थानों पर इस अवसर पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर राजस्थान प्रदेश की उन्नति एवं प्रदेशवासियों की खुशहाली के लिए प्रार्थना की।

डोटासरा प्जयपुर से प्रस्थान कर दोपहर अजमेर जिले के सुरसुरा ग्राम पहुंचें तथा श्री वीर तेजाजी महाराज के ऐतिहासिक वार्षिक मेले में हजारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ सम्मिलित हुए। उसके पश्चात प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा ने नागौर जिले परबतसर में स्थित श्री वीर तेजाजी मंदिर में दोपहर 03.00 बजे दर्शन कर पूजा-अर्चना की। परबतसर स्थित श्री वीर तेजाजी मंदिर हेतु डोटासरा ने तत्कालीन कांग्रेस सरकार में मंत्री देवस्थान विभाग रहते हुए 2 करोड़ 34 लाख रुपये की राषि मंदिर के जीर्णोद्धार हेतु आवंटित की थी तथा जीर्णोद्धार पश्चात श्री डोटासरा आज प्रथम बार परबतसर आये जहां मंदिर समिति द्वारा उनका स्वागत किया गया और इस अवसर पर पूर्व मंत्री अशोक चांदना भी साथ उनके साथ रहे। जयपुर से प्रस्थान पर प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा के साथ विधायक एवं नागौर जिला कांग्रेस अध्यक्ष जाकिर हुसैन गैसावत, हाकम अली, डॉ. विकास चौधरी, डॉ. शिखा मील बराला, रामनिवास गावड़िया, पूर्व विधायक बाबूलाल नागर, श्रीमती गंगा देवी, नसीम अख्तर इंसाफ, महेन्द्र चौधरी, चेतन डूडी, पूर्व विधायक एवं जयपुर देहात के अध्यक्ष गोपाल लाल मीना, जयपुर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष आर. आर. तिवाड़ी, पूर्व चेयरमेन धर्मेन्द्र सिंह राठौड़, रामसिंह राव, झुन्झुनूं जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश सुण्डा, प्रदेश कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष हेम सिंह शेखावत, युवा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष यशवीर सूरा, प्रदेश कांग्रेस महासचिव पुष्पेन्द्र भारद्वाज, जसवंत गुर्जर, रामसिंह कस्वां, आर. सी. चौधरी, देशराज मीना, मोहन डागर, सचिव छोटूराम मीना, शअनिल बुरडक, योगेश नागर, विकास नागर,रघुवीर सिंह राठौड़, कांग्रेस प्रत्याशी अभिषेक चौधरी, जी. एल. चौधरी, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सतवीर अलोरिया, ओबीसी विभाग के प्रदेशाध्यक्ष हरसहाय यादव, नागौर के कार्यकारी जिलाध्यक्ष हनुमान बांगड़ा, जयपुर देहात के कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र यादव सहित हजारों कार्यकर्तागण साथ रहे।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं मीडिया प्रभारी स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि डोटासरा द्वारा आज जिला सीकर के ग्राम सांगलिया स्थित सांगलिया धूणी आश्रम में श्री बाबा रामदेव जयंती के अवसर पर संत श्री ओमदास जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया जाएगा और आश्रम में भक्तजनों से मुलाकात की जाएगी, इसके पश्चात डोटासरा ग्राम सांगलिया में श्री वीर तेजाजी विकास समिति द्वारा आयोजित तेजा महाकुम्भ में शिरकत करेंगे। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा के साथ जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सुनीता गठाला सहित सैंकड़ों कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे। डोटासरा ने खेजड़ली बलिदान दिवस के अवसर पर अमृता देवी विश्नोई के नेतृत्व में खेजड़ी बचाने हेतु प्राणों का बलिदान देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## संक्षिप्त खबरें

### ईट भट्ठा मुंशी की हत्या

**भागलपुर।** जिले के सबौर थाना क्षेत्र स्थित शंकरपुर पंचायत में एक ईट भट्ठा के मुंशी की हत्या कर दी गयी। घटना बीते देर रात की बताई जा रही है। तेज धारदार हथियार से वार करके ईंट भट्ठा मुंशी जट्टू मंडल उर्फ अंकित कुमार की हत्या की गयी है। मृतक जट्टू मंडल उर्फ अंकित कुमार शंकरपुर पंचायत के वार्ड संख्या 3 का रहने वाला था। उधर घटना की जानकारी मिलने पर परिजन का रो रोकर बुरा हाल हो गया है। उधर घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस घटना की छानबीन में जुट गई है। मृतक के छोटे भाई छोटू कुमार ने बताया कि उसके भाई के शरीर पर दबिया के कई वार किए गए हैं, जिससे उनकी मौत हुई है। बताया जा रहा है कि बीते देर रात ईट भट्ठा में काम कर अंकित अपना घर वापस आ रहा था। पूर्व से घात लगाकर बैठे अपराधियों ने उसे घेर लिया और उसकी हत्या कर दी। मृतक ताज ईट भट्ठा के मुंशी थे। वह अपने पीछे पत्नी खुशबू देवी सहित दो पुत्र एवं एक पुत्री छोड़ गए हैं। सबौर थाना थानाध्यक्ष विवेक कुमार जायसवाल ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और जांच जारी है। पुलिस सभी बिंदु पर बारीकी से जांच पड़ताल कर रही है। वहीं एफएसएल की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गयी।

### भागलपुर-हावड़ा वंदे भारत ट्रेन का हुआ ट्रायल रन

**भागलपुर।** भागलपुर-हावड़ा वंदे भारत ट्रेन का शुक्रवार को ट्रायल रन हुआ। आज पहली बार वंदे भारत एक्सप्रेस भागलपुर रेलवे स्टेशन पर खड़ी हुई। उल्लेखनीय हो कि आगामी 15 सितंबर को वंदे भारत ट्रेन का भागलपुर रेलवे स्टेशन से उद्घाटन किया जायेगा। वहीं उद्घाटन से पहले इस ट्रेन का शुक्रवार को ट्रायल रन हुआ, जिसके लिए शुक्रवार की सुबह ट्रेन को भागलपुर रेलवे स्टेशन लाया गया। उद्घाटन के दिन के लिए भागलपुर से हावड़ा के लिए ट्रेन के लिए समय सारणी जारी कर दिया गया है। उद्घाटन के दिन यह ट्रेन भागलपुर से हावड़ा के लिए सुबह 11 बजे रवाना होगी। इस ट्रेन को देखकर जंक्शन पर मौजूद रेल यात्री काफी उत्साहित दिखे। उन्होंने ट्रेन के साथ अपनी सेल्फी भी ली। भागलपुर के प्लेटफॉर्म नंबर 6 से यह ट्रेन रवाना होगी। रेलवे बोर्ड की ओर से भागलपुर-हावड़ा वंदे भारत ट्रेन की समय सारिणी जारी कर दी गयी है। जारी समय सारिणी के अनुसार ट्रेन भागलपुर से हावड़ा के लिए दिन के 3:20 मिनट पर खुलेगी। छह घंटे में रात 9:20 पर हावड़ा पहुंचेगी। हावड़ा से सुबह 7:45 पर खुलेगी और दोपहर 2:05 पर भागलपुर पहुंचेगी। उद्घाटन वाले दिन की समय सारिणी अलग है। ट्रेन का उद्घाटन 15 सितंबर को होगा और 17 से परिचालन शुरू हो जायेगा।

### आरजी कर कांड का विरोध, शिक्षारत्न लौटा रहे हैं मुर्शिदाबाद के शिक्षक

**कोलकाता।** आरजी कर कांड का विरोध। इस बार मुर्शिदाबाद के एक शिक्षक का फैसला राज्य सरकार की शिक्षारत्न का सम्मान लौटाने वाला है। बताया जाता है कि इस संबंध में वह पहले ही जिलाधिकारी और स्कूल शिक्षा विभाग को मेल कर चुके हैं।आरजी कर कांड को लेकर बंगाल में घमासान मचा हुआ है। एक महीने से ज्यादा समय से जूनियर डॉक्टर हड़ताल पर हैं। स्वास्थ्य भवन के सामने तीन दिनों से धरना चल रहा है। हालाँकि, युवा डॉक्टर के बलात्कार और हत्या के मामले को न्याय के कटघरे में लाया गया है। हर कोई अपने-अपने तरीके से सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन कर रहा है। पता चला है कि 2016 में गुलाम मुस्तफा सरकार को शिक्षारत्न पुरस्कार मिला था। मेमोरियल के अलावा 25 हजार रूपए इनाम के तौर पर दिया गया था। उन्होंने आरजी कर कांड के विरोध में स्मारक और 25 हजार रूपए लौटाने का फैसला किया है। बताया गया है कि इस संबंध में वह पहले ही जिलाधिकारी और स्कूल शिक्षा विभाग को मेल कर चुके हैं। वैसे, आरजी कर कांड के विरोध में हर कोई अपने-अपने तरीके से आगे बढ़ रहा है। चित्रकार सनातन डिंडा ने विरोध स्वरूप राज्य कला परिषद की सदस्यता छोड़ दी है। कई लोग सूची में हैं। नया योग मुस्तफा सरकार।

### एक निजी स्कूल के 4 वर्षीय छात्र की मौत

**कोलकाता।** कोलकाता शहर में शुक्रवार को दुखद घटना। जोरदार उल्टी के बाद चार साल के बच्चे की मौत। पता चला है कि कोलकाता के एक नामी निजी स्कूल की छात्र इस दिन स्कूल जाने के लिए पुल कार में गयी थी। लेकिन कार से बाहर निकलते ही उन्हें उल्टियां होने लगीं। उन्हें पहले एक निजी अस्पताल ले जाया गया। बाद में एनआरएस में लिया गया। वहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पता चला है कि वह कल यानी गुरुवार से बीमार थे।

### नेपाल में कृषि एक्सपो मेला के भ्रमण पर गया जेडपीएस के साठ छात्रों का दल

**अररिया ।** जिले के जोगबनी स्थित जेनिथ पब्लिक स्कूल के वर्ग नौ और दस छात्रों का दल शुक्रवार को नेपाल के विराटनगर स्थित कृषि बाजार समिति में लगे चार दिवसीय कृषि एक्सपो मेला में भाग लेने के लिए रवाना हुआ। कृषि एक्सपो मेला के अध्यक्ष सह कोसी व्यापार एवं उद्योग संगठन के अध्यक्ष राजेंद्र राउत के विशेष आमंत्रण पर एक दिन के भ्रमण पर छात्रों का दल रवाना हुआ।

# उदयपुर जिले में प्रताप नगर व सवीना थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## जाली नोटों का जखीरा पकड़ा, 36.70 लाख रुपए के 500-500 के जाली नोट व नोट बनाने के उपकरण जब्त

### मुख्य अभियुक्त सहित सात अभियुक्त गिरफ्तार, किराए के मकान में लगा रखा था सेट अप

चमकता राजस्थान

जयपुर/उदयपुर, (खलील कुरैशी) 13 सितम्बर। उदयपुर जिले की प्रताप नगर व सवीना थाना पुलिस की टीम ने बड़ी कार्रवाई कर जाली नोट के गोरख धंधे का खुलासा किया है। पुलिस ने 36 लाख 70 हजार रुपए के 500-500 के जाली नोट एवं नोट बनाने के उपकरण फोटोकॉपी मशीन, प्रिंटर, कटर इत्यादि बरामद कर मुख्य अभियुक्त सहित सात अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।अभियुक्तों ने किराए के मकान में जाली नोट छापने के उपकरण लगा रखे थे, जहां से पुलिस ने 26.50 हजार रुपये के जाली नोट जब्त किए। मुख्य अभियुक्त राहुल लोहार ने मध्य प्रदेश निवासी अपने परिचित तीन युवकों को 10.20 लाख के जाली नोट बाजार में चलाने के लिए दिए थे। तीनों युवकों को भी गिरफ्तार कर उनसे उक्त रकम बरामद कर ली गई हैं एसपी योगेश गोयल ने बताया कि गुरुवार को थाना प्रताप नगर के कांस्टेबल बनवारी लाल व शंकर लाल को सूचना मिली कि पेसिफिक यूनिवर्सिटी देबारी के पास वैशाली नगर में प्रकाश लखारा निवासी कानोड के मकान में फर्जी नोट बनाने की गतिविधि संचालित की जा रही है। इस सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा व सीओ छगन पुरोहित के सुपरविजन एवं एसएचओ भरत योगी के नेतृत्व में पुलिस की टीम प्रकाश लखारा के मकान पर पहुंची।मकान के अंदर






मुख्य अभियुक्त राहुल लोहार पुत्र राजमल (23) निवासी सरवानिया थाना कानोड़, रौनक रातलिया पुत्र भगवती लाल (26) निवासी नया बाजार कानोड़ उदयपुर एवं अजय भारती पुत्र बाबू (18) निवासी संगेसरा थाना मंगलवाड जिला चित्तौड़गढ़ जाली नोट व उपकरण सहित मिले। मौके से पुलिस ने 26.50 लाख के जाली नोट व उपकरण जब्त कर लिए।मुख्य अभियुक्त राहुल लोहार ने पुलिस को बताया कि उसने मध्य प्रदेश व भीलवाड़ा निवासी अपने परिचितों को 10 लाख 20 हजार के जाली नोट खपाने के लिए दिए हैं। इस सूचना पर अनुसंधान अधिकारी थाना अधिकारी सवीना अजय सिंह राव द्वारा आरोपी लखन उर्फ कालू मालवीय पुत्र छगनलाल (21), समीर मंसूरी पुत्र सलीम (26) व शहजाद शाह पुत्र अकबर शाह (30) निवासी पिपलोदा जिला रतलाम मध्य प्रदेश एवं बबलू उर्फ समीर जाट पुत्र गणेश (26) निवासी सुभाष नगर भीलवाड़ा को गिरफ्तार कर इनके पास से पांच-पांच सौ के 10 लाख 20 हजार के जाली नोट जब्त किये मुख्य अभियुक्त राहुल लोहार ने पूछताछ में बताया कि उसने घर वालों को मर्चेंट नेवी में नौकरी करने की झूठी बात कह रखी है। अपनी महत्वाकांक्षा पूरी करने के लिए उसने आर्थिक अपराध करने वाले लोगों से मिलना जुड़ना शुरू किया, तभी उसकी पहचान भीलवाड़ा निवासी गणेश लाल चौधरी से हुई। गणेश लाल से मिलकर उसने नकली नोट बनाने का प्लान किया। गणेश के मार्फत नकली नोट बनाने के उपकरण प्रिंटिंग मशीन, रंगीन प्रिंटर, बैंक नोट पेपर की शीट, नोट काटने का कटर मंगवा अपने दोस्त रौनक जैन के किराए के मकान में इन उपकरणों का सेटअप कर दिया।प्रारंभिक पूछताछ में 36.70 लाख रुपए के जाली नोट गणेश लाल के मार्फत लाना एवं बाजार में चलाने का प्लान राहुल ने बना रखा था। इसलिए उसने अपनी इस योजना में रौनक जैन, अजय भारती, बबलू उर्फ समीर जाट, शहजाद, समीर मंसूरी व लखन उर्फ कालू को भी शामिल कर लिया। प्रायोगिक रूप से नोटों को बाजार में चलाकर भारी मात्रा में नए नकली नोट देबारी स्थित किराए के मकान में बनाने की योजना थी, इसलिए उसने इन उपकरणों का सेटअप कर रखा था।

#### ● डॉक्टर को किडनैप कर फिरौती का भी बनाया था प्लान

पूछताछ में राहुल लोहार ने यह भी बताया कि शॉर्टकट तरीके से पैसे कमाने के लिए कानोड़ के नामी डॉक्टर का भी किडनैप कर फिरौती लेने की फिराक में थे। इसके लिए उसने अपने दोस्तों के साथ किडनैपिंग की योजना भी बनाई थी। लेकिन वह योजना सफल नहीं हो सकी।

#### ● जब्त किए गए जाली नोट व उपकरण

पुलिस ने कुल 36.70 लाख रुपए के 500-500 के जाली नोट, एक फोटोकॉपी व प्रिंटिंग मशीन, एक कलर प्रिंटर, कीबोर्ड व माउस, नोटों के बंडल बनाने का प्लास्टिक का रोल, प्रिंटर में डालने की स्याही के पैकेट, लाइट कनेक्शन स्विच बोर्ड, डाटा केबल, नोट के बंडल बनाने के लिए रबड़ से भरे प्लास्टिक के डिब्बे, नोट काटने के लोहे की हेड कटर मशीन व बैंक नोट पेपर हुलिए के कागजों के कार्टून जब्त किए हैं।

## मालदा का 'मोस्ट वांटेड' अपराधी आसादुल्लाह गिरफ्तार

संवाददाता

**कोलकाता।** पुलिस के जाल में अंतरराज्यीय जाली नोट तस्करी गिरोह की जड़ तृणमूल नेता आसादुल्लाह विश्वास हैं। दिल्ली पुलिस के डिप्टी कमिश्नर (सेंट्रल) एम हर्षवर्द्धन के नेतृत्व में एक विशेष टीम ने गुरुवार को आसादुल्लाह को एक गुप्त डेरे से गिरफ्तार किया। दिल्ली पुलिस का दावा है कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और केंद्रीय एजेंसी ईडी के रिकॉर्ड में आसादुल्लाह बिस्वास के नाम पर कम से कम 50 मामले दर्ज हैं।

बताया जाता है कि इसी साल 18 अगस्त को मालदा के कालियाचक के मौजमपुर में झड़प हुई थी। उस घटना में अहेदुल शेख नाम के एक स्थानीय युवक की पुलिस के सामने ही हत्या कर दी गई थी। उस झड़प और हत्या का मुख्य आरोपी आसादुल्लाह विश्वास गिरफ्तारी से बचने के



लिए दिल्ली में छिप गया था।

हत्या के मामले में कालियाचक थाने की पुलिस पहले ही आसादुल्लाह के बेटे सरफराज विश्वास समेत आठ लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। गिरफ्तार किए गए लोगों में मोजमपुर ग्राम पंचायत के तृणमूल प्रमुख मोहम्मद सारियुल भी शामिल हैं। घटना की सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी। उस एफआईआर में मुख्य आरोपी के तौर पर तृणमूल नेता आसादुल्लाह विश्वास का भी नाम है।

## मौनिया बाबा सबकी मनोकामनाएं पूरी करते हैं : सिग्रीवाल

### सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन

संवाददाता

**सीवान।** उत्तर बिहार के प्रसिद्ध मोनिया बाबा महावीर मेला के उपलक्ष में बिहार सरकार के कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा महाराजगंज में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, विधान पार्षद प्रो० वीरेंद्र नारायण यादव, पूर्व विधायक हेमनारायण शाह, नगर पंचायत अध्यक्ष शारदा देवी, एसडीओ अनिल कुमार एवं एसडीपीओ राकेश कुमार रंजन द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर बोलते हुए सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने कहा कि 101 वर्ष पुराना यह मौनिया बाबा का मेला पूरे बिहार के लिए अपने आप में एक मिसाल है। इस मेले में हजारों



हजार की संख्या में लोग आते हैं और उनका अनुशासन और भाईचारा देखने लायक होता है। सांसद ने कहा कि इस वर्ष बिहार सरकार के कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा मेले के उपलक्ष में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आने वाले समय में इस मेले को और बहुत सारी उपलब्धियां प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि बताया जाता है कि मोनिया बाबा के दरबार में जो भी अपनी हाजिरी लगाता है उसकी सारी मनोकामनाएं मोनिया बाबा पूरी करते हैं। सांसद में कहा कि मेरा महाराजगंज से बहुत हीं पुराना रिश्ता है और महाराजगंज के लिए बहुत कुछ हुआ है और अभी बहुत कुछ करना बाकी है। इस मौके पर बिहार विधान परिषद के सदस्य प्रो० वीरेंद्र नारायण यादव ने कहा कि मौनिया बाबा का मेला ऐतिहासिक मेला है और इसके सफल आयोजन के लिए इस इलाके के सभी लोग बधाई के पात्र हैं । पूर्व विधायक हेमनारायण शाह ने क्षेत्र के लोगों को बधाई देते हुए कहा कि सभी क्षेत्रवासियों के आपसी सहयोग से यह मेला अपने आप में ऐतिहासिक है। इस मौके पर बीडीओ बिंदु कुमार, बीडीओ दारौंदा सूर्य प्रताप सिंह सेंगर, सीओ जितेन्द्र कुमार, सीओ दारौंदा पूनम दीक्षित, भाजपा नेता मोहन कुमार पद्माकर, इं० सुगेन्द्र सिंह, प्रो० सुबोध सिंह, मुखिया आलोक सिंह ,नगर भाजपा अध्यक्ष अमरजीत सिंह, सुप्रिया कुमारी, संजय सिंह राजपूत, त्रिपुरारी सिंह, अजय सिंह,मनीष सिंह, राहुल सिंह सिक्कू श्रीवास्तव, शैलू यादव सहित बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

# विश्वप्रसिद्ध कृष्णधाम सांवलियाजी में जलझूलनी मेले का हुआ शुभारम्भ

## बैंड-बाजे के साथ ठाठ बाट से निकली शोभायात्रा,उमड़े श्रद्धालु

चमकता राजस्थान

**चित्तौड़गढ (बाबू अग्नानी)** सुविख्यात कृष्णधाम सांवलियाजी में शुक्रवार दोपहर भगवान श्री सांवलिया सेठ की पूजा अर्चना कर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसी के साथ तीन दिवसीय जलझुलनी एकादशी मेले का शुभारंभ हुआ। दोपहर में मंदिर परिसर में सांवलियाजी वैदिक विद्यालय के आचार्य एवं बटुकों द्वारा गणपति वंदना व मंत्रोच्चार के मध्य शंखनाद करते हुए विशाल मेले का शुभारंभ किया गया। मंदिर में पुजारी द्वारा भगवान श्री सांवलिया सेठ के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ उत्थापन झांकी में ओसरा पुजारी व अन्य पुजारियों ने भगवान के बाल स्वरूप को पारंपरिक पूजा अर्चना के बाद छोटे बेवाण में विराजित किया, जिसके बाद शंखनाद और श्रद्धालुओं के जयकारों के मध्य छोटे बेवाण को लाकर काष्ठ रथ में स्थापित किया। शोभायात्रा का कस्बावासियों और श्रद्धालुओं ने पुष्पों व गुलाल की बौछार के साथ भगवान के बालस्वरूप का अभिनन्दन किया। विभिन्न प्रकार की झांकियों तथा विशेष बैंड वाली शोभायात्रा पारम्परिक मार्ग से गुजरते हुए पुनः मुख्य मंदिर पहुंची, जिसकी अगवानी भव्य आतिशबाजी के रंगीन नजारों से की गई। इधर मेला क्षैत्र में जगह जगह लगे एलसीडी डिस्पले पर भी निरंतर सांवलियाजी के दर्शनों के साथ ही मेला गतिविधियों व कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण हो रहा है।इस दौरान श्री सांवलिया जी मंदिर मंडल अध्यक्ष भैरूलाल गुर्जर, श्री सांवलिया जी मंदिर मंडल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अति जिला कलक्टर राकेश कुमार, मेला प्रभारी अति जिला कलक्टर रावतभाटा विनोद मल्होत्रा, उपखंड अधिकारी गण, पुलिस विभाग से एस एच ओ शीतल गुर्जर सहित अधिकारी गण सहित मंदिर मंडल के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।





### शुक्रवार को कवि सम्मेलन व शनिवार को विशाल रथयात्रा का होगा आयोजन!

» शुक्रवार को रात्रि में रेफरल चिकित्सालय के पास मण्डफिया बाईपास स्टेज पर अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही मेला ग्राउण्ड मीरा रंगमंच एवं गोवर्धन रंगमंच स्टेज पर भजन संध्या एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। शनिवार को विशाल रथयात्रा दोपहर 12 बजे से शुरू होनी है ।विशाल भजन संध्या एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम :– रात्रि 9 बजे से रेफरल चिकित्सालय के पास, मण्डफिया बाईपास स्टेज, मेला ग्राउण्ड मीरा रंगमंच एवं गोवर्धन रंगमंच स्टेज पर आयोजित होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### अवामी लीग नेता नायब अली गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेश के जेनाइदाह-1 निर्वाचन क्षेत्र से अवामी लीग के पूर्व विधायक नायब अली जोर्डर को गिरफ्तार कर लिया गया। रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी-6) ने उन्हें रात करीब 12:00 बजे शहर के अरप्पुर बस स्टैंड इलाके से गिरफ्तार किया। ढाका से छपने वाले बांग्ला अखबार (अंग्रेजी संस्करण) प्रोथोम अलो ने कहा है कि आरएबी-6 ने एक टेक्स्ट संदेश में उनकी गिरफ्तारी की पुष्टि की है। आरएबी-6 के एक अधिकारी ने बताया है कि आरएबी की एक टीम ने एक अभियान में नायब अली जोर्डर को उसके घर से गिरफ्तार किया। उन्हें हमले, तोड़फोड़ और आगजनी करने के आरोप में दर्ज दो अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार किया गया। उन्हें पुलिस को सौंपने की कानूनी प्रक्रिया चल रही है। उल्लेखनीय है कि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पांच अगस्त को इस्तीफा देकर देश छोड़ चुकी हैं। तब से बांग्लादेश की कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने कई पूर्व मंत्रियों, सांसदों और तत्कालीन प्रधानमंत्री के सलाहकारों को गिरफ्तार किया है।

### सिख दंगा मामले में जगदीश टाइटलर ने लगाए गए आरोपों से इनकार किया

**नई दिल्ली।** तीस हजारी कोर्ट में आज 1984 सिख विरोधी दंगों से जुड़े पुलबंगश गुरुद्वारा हिंसा के मामले में जगदीश टाइटलर ने अपने खिलाफ लगाए गए आरोपों से इनकार कर दिया है। टाइटलर ने कोर्ट से कहा कि वे ट्रायल का सामना करेंगे। स्पेशल जज राकेश स्याल ने गवाहों के बयान दर्ज करने का आदेश दिया। कोर्ट ने 20 अगस्त को टाइटलर के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने टाइटलर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 149, 153अ, 188, 109, 295,, 380, 302 के तहत आरोप तय करने का आदेश दिया था। सुनवाई के दौरान जगदीश टाइटलर की ओर से पेश वकील मनु शर्मा ने कहा था कि सीबीआई ने इस मामले में दो क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की थी। इसके पहले मनु शर्मा ने जगदीश टाइटलर को इस मामले से बरी करने की मांग की थी। इसके पहले जगदीश टाइटलर की ओर से गुरपतवंत पन्नू का नाम लेते हुए कहा गया था कि चूंकि पन्नू गवाहों का वकील था और उसे भारत ने आतंकवादी घोषित कर रखा था, ऐसे में जगदीश टाइटलर के खिलाफ मामला चलाने का कोई मतलब नहीं है और उसे इस मामले में बरी किया जाना चाहिए।

### विश्व प्रसिद्ध गायिका कैटरिना वैलेंटे का 93 वर्ष की आयु में निधन

बर्न (स्विट्जरलैंड)। विश्व प्रसिद्ध गायिका कैटरिना वैलेंटे का 93 वर्ष की आयु में निधन हो गया। स्विस इंफो.सीएच ने उनके प्रेस प्रवक्ता गुंथर ह्यूबर के हवाले से यह खबर दी। ह्यूबर ने बताया कि वह स्विट्जरलैंड के लुगानो में अपने घर पर रहती थीं। उन्होंने नौ सितंबर को अंतिम सांस ली। उन्हें ऑल पेरिस इज ड्रीमिंग ऑफ लव की प्रस्तुति से दुनिया भर ख्याति मिली। अपने लंबे करियर में वैलेंटे ने मुख्य रूप से 1950 और 1960 के दशक में सदाबहार गीत गाए। उनमें गैंज पेरिस ट्रौमट वॉन डेर लीबे, त्सचाऊ, त्सचौ, बम्बिना या इट्सी बिट्सी टीनी वेनी होनोलूलू स्ट्रैंडबिकिनी प्रमुख हैं। उन्होंने जर्मन, इतालवी, फ्रेंच, अंग्रेजी और कई अन्य भाषाओं में गाने गाए। उन्होंने चांसन, जैज और पॉप गीतों को नया अंदाज देकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। 2005 में वह निजी जीवन में चली गईं और फेसबुक पर सक्रिय रहीं। वैलेंटे का जन्म 1931 में पेरिस में इतालवी संगीतकार परिवार में हुआ।

### जेल में बंद खालिस्तान समर्थक सांसद अमृतपाल सिंह के रिश्तेदारों के घरों पर एनआईए की छापेमारी

चंडीगढ़। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) जेल में बंद खालिस्तान समर्थक और खडूर साहिब से सांसद अमृतपाल सिंह को घेरने की तैयारी कर रही है। शुक्रवार सुबह एनआईए की टीमों ने मोगा और अमृतसर में छापेमारी की है। यह छापेमारी अमृतसर के बाबा बकाला सब-डिवीजन में हुई है। तीन जगहों पर हुई छापेमारी का सीधा संबंध अमृतपाल सिंह से है। इसके साथ ही मोगा जिले के बाघापुराना के कस्बे स्मालसर में कवि मक्खन सिंह मुसाफिर के घर पर भी छापेमारी की गई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक अमृतसर में राया के पास फेरुमान रोड पर अमृतपाल सिंह के चाचा परहत सिंह के घर पर छापेमारी की गई है जबकि दूसरी छापेमारी अमृतसर के सठियाला के पास बुटाला में अमृतपाल के साले के घर और तीसरी छापेमारी मेहता के बहनोई के घर पर की गई। तीनों छापे अमृतपाल से जुड़े हैं।

### केजरीवाल की जमानत पर भाजपा की प्रतिक्रिया, मांगा इस्तीफा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है। इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि अरविंद केजरीवाल मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट कर दिया है कि उनकी गिरफ्तारी वैध है, उन पर आरोप वैध हैं। सचदेवा ने कहा कि केजरीवाल को सशर्त जमानत मिलना कोई विशेष उपलब्धि नहीं है, मुकदमा चलेगा और उन्हें शीघ्र लम्बी सजा होगी। केजरीवाल याद रखें वह अब लालू यादव, मधु कोड़ा जैसे मुख्यमंत्रियों की सूची में जुड़ गये हैं, उन्हें भी जमानत मिली थी। वह शीघ्र सजा पाकर फिर जेल जायेंगे। उन्होंने कहा कि जिन शर्तों पर अरविंद केजरीवाल को जमानत मिली है, उनके चलते केजरीवाल को जमानत बेशक मिली हो पर उन्हें अब मुख्यमंत्री पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। जब वह मुख्यमंत्री का काम नहीं कर सकेंगे तो वो मुख्यमंत्री क्यों। अगर वो सच्चे हैं तो यह शर्त क्यों, इस्तीफा दें।

# अमित शाह आज अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन को करेंगे संबोधित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शनिवार को नई दिल्ली में राजभाषा हीरक जयंती समारोह एवं चौथे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे। राजभाषा विभाग हिंदी के राजभाषा बनने के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 14-15 सितंबर को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में चौथा अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन आयोजित कर रहा है।

राजभाषा हीरक जयंती के अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री 'राजभाषा भारती' पत्रिका के हीरक जयंती विशेषांक का विमोचन करेंगे। हीरक जयंती को यादगार बनाने के लिए अमित शाह एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी करेंगे। गृह मंत्री इस अवसर पर राजभाषा गौरव और राजभाषा कीर्ति पुरस्कार भी प्रदान करेंगे। इसके साथ ही कुछ और पुस्तकों और पत्रिकाओं का विमोचन भी करेंगे।

इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री भारतीय भाषा अनुभाग का भी शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार हिंदी और भारतीय भाषाओं के विकास तथा उनके बीच बेहतर समन्वय पर जोर देते



रहे हैं। संविधान की मंशा और प्रधानमंत्री के निर्देश को ध्यान में रखते हुए हिंदी के साथ-साथ भारतीय भाषाओं के प्रयोग को बढ़ावा देने और उनके बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग ने भारतीय भाषा अनुभाग की स्थापना का प्रस्ताव रखा था।

दो दिवसीय चतुर्थ अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में पिछले 75 वर्षों में राजभाषा, जनभाषा और संपर्क भाषा के रूप में हिंदी की प्रगति पर गहन चर्चा होगी। सम्मेलन के पहले दिन 14 सितंबर को भोजनोपरांत सत्र में 'राजभाषा हीरक जयंती - 75 वर्षों में राजभाषा, जनभाषा और संपर्क भाषा के रूप में हिंदी की प्रगति' पर चर्चा होगी। जबकि दूसरा सत्र 'भारत की सांस्कृतिक विरासत और हिंदी' होगा, जिसे लोकप्रिय हिंदी कवि और वक्ता डॉ. कुमार विश्वास संबोधित करेंगे।

15 सितंबर को सम्मेलन के तीसरे सत्र में देश के प्रसिद्ध भाषाविद् और कोशकार 'भाषा शिक्षण में शब्दकोष की भूमिका और देवनागरी लिपि की विशेषता' विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। चौथा सत्र तकनीकी युग में राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन में 'नगर राजभाषा समिति' का योगदान' विषय पर होगा। पांचवां सत्र 'भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023: एक परिचर्चा' पर होगा, जिसे केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल संबोधित करेंगे।

# स्वामी विवेकानंद ने सनातन संस्कृति का लोहा पूरी दुनिया में मनवाया : चंपत राय

एजेंसी

**हरिद्वार।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महामंत्री चंपत राय और योगगुरु स्वामी रामदेव ने शुक्रवार को पतंजलि योगपीठ में दो दिवसीय युवा धर्म संसद का शुभारंभ किया। युवा धर्म संसद के पहले दिन वक्ताओं ने युवाओं का आह्वान किया कि वह राष्ट्र भावना को सर्वोपरि रखते हुए जीवन में आगे बढ़ें।



शिकागो धर्म सम्मेलन में दिए गए स्वामी विवेकानंद के ऐतिहासिक उद्बोधन को लक्ष्य कर सेवाज्ञ संस्थानम् की ओर से आयोजित युवा धर्म संसद में देश के 24 राज्यों के युवा भाग ले रहे हैं।

उद्घाटन सत्र में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महामंत्री तथा विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंपत राय ने स्वामी विवेकानंद के शिकागो धर्म सम्मेलन में दिए गए भाषण का उल्लेख करते हुए कहा कि उस वक्त स्वामी विवेकानंद ने सनातन संस्कृति का लोहा पूरी दुनिया में मनवाया था। उन्होंने सहष्णुता को लेकर स्वामी विवेकानंद द्वारा की गई व्याख्या की चर्चा की और कहा कि सभी को स्वामी विवेकानंद की शक्ति प्राप्त है, बस उसे पहचानने की जरूरत है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वो राष्ट्रहित के लिए सदैव अग्रणी भूमिका में बने रहे।

मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि देश का युवा राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सनातन धर्म को विश्व में पहचान मिल रही है। सनातन संस्कृति की योग विद्या को पूरी दुनिया अपना रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के 2047 के विकसित भारत के संकल्प को हमें मिलकर कामयाब करना है। आने वाले 25 साल की जिम्मेदारी जिनके कंधों पर है, वह हमारी युवा शक्ति ही है। युवा शक्ति को संगठित होकर राष्ट्र के लिए समर्पित होना होगा। युवा देश की तरक्की और उन्नति के लिए सही दिशा में काम करे तो वह दिन दूर नहीं जब भारत फिर से विश्वगुरू बन जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नींव को मजबूत करने के लिए यह युवा धर्म संसद मील का पत्थर साबित होगी। उत्तराखंड सरकार युवाओं को प्रोत्साहन देकर स्टार्टअप को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वह जिस क्षेत्र में भी जाए, राष्ट्र भावना को सर्वोपरि रखें। अपने संकल्प में कोई विकल्प न रखें। हमें रोजगार देने वाले युवा बनना है और इसके लिए मिलकर प्रयास करना होगा।

युवा धर्म संसद की अध्यक्षता कर रहे योगगुरु स्वामी रामदेव ने कहा कि युवाओं को सदैव उत्साह से लबरेज रहना चाहिए। युवाओं को अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाना चाहिए। युवाओं में शौर्य, वीरता और पराक्रम के साथ विनम्रता भी होनी चाहिए। स्वामी रामदेव ने सनातन धर्म के चारों वर्णों के बारे में बताते हुए कहा कि जब तक राम और कृष्ण के वंश के लोग जिंदा है तब तक विधर्मी अपने मकसद में कामयाब नहीं हो सकते। उन्होंने युवाओं से कहा कि वह अपने धार्मिक ग्रंथों के बारे में जानकारी जरूर रखें। मुस्लिम समाज के 50 प्रतिशत लोगों को कुरान की जानकारी होती है, लेकिन हिन्दू समाज को हमारी गीता में कितने अध्याय है इसकी भी ठीक से जानकारी नहीं होती। गीता के प्रमुख श्लोक हमें कंठस्थ होने चाहिए। स्वामी रामदेव ने धामी सरकार की ओर से सनातन धर्म को लेकर उत्तराखंड में किए गए कार्यों के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया।

### तीन छात्रों की मौत के मामले में कोचिंग सेंटर के सह मालिकों को जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने ओल्ड राजेंद्र नगर इलाके में आईएएस स्टडी सर्कल में जलसैलाब से हुई तीन छात्रों की मौत के मामले में गिरफ्तार चार सह मालिकों को जमानत दे दी है। जस्टिस दिनेश कुमार शर्मा की बेंच ने रेडक्रास को पांच करोड़ रुपये जमा करने की शर्त पर जमानत देने का आदेश दिया। कोर्ट ने दिल्ली के उप राज्यपाल से आग्रह किया कि वे हाई कोर्ट के पूर्व जज की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन करे, जो सुनिश्चित करेगी कि कोई भी कोचिंग सेंटर बिना वैध अनुमति के नहीं चलाया जा सके। हाई कोर्ट ने दिल्ली सरकार से कहा कि वो कोचिंग संचालित करने के लिए स्थान नीयत करें। आरोपितों का अपराध माफी लायक नहीं है और ये उनके लालच को दशार्ता है। कोर्ट ने 12 सितंबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था। दिल्ली पुलिस ने 29 जुलाई को स्टडी सर्कल के चारों सह मालिकों और थार चालक को गिरफ्तार किया था। 28 जुलाई को कोचिंग के मालिक अभिषेक गुप्ता और कोआर्डिनेटर देशपाल सिंह को गिरफ्तार किया गया था।

### आम आदमी पार्टी के बयान पर बोला हमला

# सुप्रीम कोर्ट ने माना- केजरीवाल की गिरफ्तारी वैध : बांसुरी स्वराज

एजेंसी

**नई दिल्ली।** शराब घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी है। इस जमानत पर आम आदमी पार्टी ने इसे सत्य की जीत बताया है। आम आदमी पार्टी के इस बयान पर भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने हमला बोलते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल एक लापरवाह सरकार के लापरवाह सीएम हैं। इसके लिए सत्यमेव जयते का प्रयोग करना ही उचित नहीं है।



बांसुरी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को सशर्त जमानत मिली है, वो बरी नहीं हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने आज सीबीआई मामले में यह पाया गया कि अरविंद केजरीवाल गिरफ्तारी वैध थी। इसका मतलब यह है कि जांच एजेंसी के पास पर्याप्त सबूत और पर्याप्त सामग्री थी, जिससे यह निष्कर्ष निकला कि अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करना उचित था।

शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में बांसुरी स्वराज ने कहा कि अगर जमानत की शर्तों को देखा जाए तो अरविंद केजरीवाल को किसी भी फाइल पर हस्ताक्षर करने और सीएम कार्यालय में प्रवेश करने से रोक दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट में ईडी के आदेश को देखेंगे तो कोर्ट ने संकेत दिया था कि नैतिक आधार पर उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। भले ही आज सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी है लेकिन अरविंद केजरीवाल सिर से पैर तक इस शराब घोटाले में लिप्त हैं। इसीलिए उन्हें सीएम कार्यालय में प्रवेश करने या किसी भी फाइल पर हस्ताक्षर करने से मना कर दिया गया है। वह एक लापरवाह सरकार के लापरवाह सीएम हैं।

### दो दिवसीय राष्ट्रीय कॉर्निया और आई बैंकिंग सम्मेलन आज से

**नई दिल्ली।** भुवनेश्वर 14वां राष्ट्रीय कॉर्निया और आई बैंकिंग सम्मेलन की मेजबानी करने जा रहा है, जिसका आयोजन आई बैंक एसोसिएशन ऑफ इंडिया (ईबीएआई) द्वारा दृष्टि दान आई बैंक और एलवी प्रसाद आई इंस्टीट्यूट, भुवनेश्वर के सहयोग से किया जा रहा है। यह सम्मेलन 14-15 सितंबर, 2024 को कैम्पस-6, कीट, भुवनेश्वर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें उद्घाटन समारोह 14 सितंबर को शाम पांच बजे एलवीपीईआई भुवनेश्वर में होगा।

आयोजकों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इसमें देशभर से 250 से अधिक नेत्र रोग विशेषज्ञ, आई बैंक और नेत्र देखभाल पेशेवर, शोधकर्ता, नीति निमार्ता और प्रशासक शामिल होंगे, जो कॉर्नियल प्रत्यारोपण और आई बैंकिंग में नवीनतम प्रगति पर चर्चा करेंगे। सम्मेलन का उद्देश्य सहयोग और ज्ञान साझा करने को प्रोत्साहित करना है, जिसका अंतिम लक्ष्य भारत में कॉर्नियल अंधेपन को समाप्त करना है, जो लगभग 10 लाख लोगों को प्रभावित करता है।

# जेल में बंद राज्य प्रशासनिक सेवा की अधिकारी सौम्या चौरसिया की 50 से ज्यादा प्रॉपर्टी अटैच

एजेंसी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के चर्चित कोयला घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए राज्य प्रशासनिक सेवा की विवादास्पद अधिकारी सौम्या चौरसिया की 50 से ज्यादा प्रॉपर्टी को अटैच कर दिया है। बताया जा रहा है कि अटैच की गई संपत्तियों में सौम्या चौरसिया का भिलाई स्थित सूर्या अपार्टमेंट का निवास भी है। ये बेनामी संपत्ति के तौर पर अटैच की गई है। विभागीय जानकारी के अनुसार अटैच की गई प्रॉपर्टी में रियल एस्टेट प्रॉपर्टीज, बैंकों में जमा राशि शामिल है।

पिछली कांग्रेस की सरकार में ताकतवर और प्रभावशाली अफसर रहीं सौम्या चौरसिया पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश सरकार की डिप्टी सेक्रेटरी भी रह चुकी हैं। उन्हें कोयला घोटाला और मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी ने 2 दिसंबर 2022 को गिरफ्तार किया था। इसके बाद से वे सेंट्रल जेल रायपुर में बंद हैं।

ईडी की जांच में सामने आया था कि सौम्या चौरसिया ने कोयला घोटाले के जरिए अवैध तरीके से प्रॉपर्टी बनाई थी। अब इस आधार पर विभाग ने कार्रवाई करते हुए उनकी संपत्तियों को अटैच किया है। ईडी ने छत्तीसगढ़ में कथित कोयला घोटाले में 500 करोड़ रुपये की अवैध उगाही को लेकर जांच शुरू की थी। जिसके बाद मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया गया था। वसूली के लिए नियमों में बदलाव किया गया था। इस लेवी से हासिल राशि से चल-अचल संपत्तियां अर्जित की गईं, जिनमें कई बेनामी भी हैं।

# बीएचईएल हरिद्वार ने नौसेना के लिए बनाई पहली अपग्रेडेड एसआरजीएम तोप

एजेंसी

**हरिद्वार।** भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) हरिद्वार के रक्षा एवं एयरोस्पेस विभाग ने भारतीय नौसेना के लिए अपनी पहली, अपग्रेडेड सुपर रैपिड गन माउंट (एसआरजीएम) तोप का निर्माण पूरा कर लिया है । बीएचईएल हरिद्वार के कार्यपालक निदेशक टी. एस. मुरली ने इस एसआरजीएम तोप को हरी झंडी दिखाकर, बालासोर (उड़ीसा) के लिए रवाना किया ।

टी. एस. मुरली ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह तोप, देश की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा में बेहद अहम भूमिका निभाएगी । उन्होंने कहा कि इस तोप का निर्माण एवं आपूर्ति, प्रत्येक बीएचईएल कर्मी के लिए आत्मगौरव का विषय है ।

उल्लेखनीय है कि यह तोप 35 किलोमीटर के दायरे में हवा, पानी और समुद्र में विभिन्न प्रकार के लक्ष्यों को भेद सकती है। साथ ही लक्ष्य की स्थिति के आधार पर, विभिन्न प्रकार के गोला-बारूद का चयन करने में भी सक्षम है। भारतीय नौसेना द्वारा बीएचईएल को दिए गए 38 अपग्रेडेड एसआरजीएम तोपों के आर्डर के अंतर्गत, अभी यह पहली तोप है। इसके बाद बीएचईएल द्वारा 37 और अपग्रेडेड एसआरजीएम तोपों की आपूर्ति की जाएगी। बीएचईएल पिछले तीन दशकों से भारतीय नौसेना के लिए, एसआरजीएम का निर्माण कर रहा है। इससे पूर्व तक कुल 44 तोपों की आपूर्ति भी कर चुका है।

**परीक्षण** नौसेना ने लगातार दूसरे दिन दागी वर्टिकली लॉन्च शॉर्ट रेंज सरफेस टू एयर मिसाइल

# कम ऊंचाई पर उड़ रहे टारगेट को मार गिराने में सक्षम

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने नौसेना के साथ लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को वर्टिकल लॉन्च शॉर्ट रेंज सरफेस टू एयर मिसाइल (वीएलएसआरएसएएम) का सफल उड़ान परीक्षण किया। दोनों परीक्षणों में मिसाइल ने समुद्र से आने वाले हवाई खतरे की नकल करते हुए उच्च गति वाले कम ऊंचाई वाले हवाई लक्ष्य को सफलतापूर्वक रोका। ओडिशा तट पर चांदीपुर में एकीकृत परीक्षण रेंज से दागी गई इस मिसाइल को फिलहाल कोई नाम नहीं दिया गया है लेकिन इसे बराक-1 की जगह जंगी जहाजों में लगाए जाने की योजना है।



भारतीय नौसेना ने परीक्षण के दौरान कम ऊंचाई पर उड़ रहे टारगेट को सतह से हवा में मार करने वाली ताकतवर गाइडेड मिसाइल से मार गिराया। कम ऊंचाई पर उड़ने वाले टारगेट का मतलब राडार को चकमा देकर आ रहा दुश्मन का विमान, ड्रोन, मिसाइल या हेलीकॉप्टर होता है। यानी भारत को अब दुश्मन इस तरीके से भी चकमा नहीं दे सकता, वर्ना भारतीय की यह मिसाइल दुश्मन की धज्जियां उड़ा देगी। यह मिसाइल 154 किलोग्राम वजनी है। इसे डीआरडीओ और भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) ने मिलकर बनाया है। यह मिसाइल करीब 12.6 फीट लंबी है। इसका व्यास 7.0 इंच है।

इस मिसाइल की टेस्टिंग इसलिए की जा रही है, ताकि भारतीय युद्धपोतों से बराक-1 मिसाइलों को हटाकर स्वदेशी हथियार लगाया जा सके। बराक-1 मिसाइल इजरायल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज और राफेल एडवांस्ड डिफेंस सिस्टम्स ने मिलकर बनाई है। इस मिसाइल का वजन 98 किलोग्राम होता है। बराक-1 सरफेस-टू-एयर-मिसाइल 6.9 फीट लंबी होती है। इसका व्यास 6.7 इंच होता है। इसकी खासियत ये है कि इसकी नाक में यानी सबसे ऊपरी नुकीले हिस्से में 22 किलोग्राम वॉरहेड रखा जा सकता है।

### 25 से 30 किलोमीटर है मिसाइल की रेंज

डीआरडीओ के अनुसार इसमें हाई-एक्सप्लोसिव प्री-फ्रैगमेंटेड वॉरहेड लगाया जाता है। वीएल-एसआरएसएएम मिसाइल की रेंज 25 से 30 किलोमीटर है। यह अधिकतम 12 किलोमीटर की ऊंचाई तक जा सकती है। इसकी गति बराक-1 से दोगुनी है। यह मैक 4.5 यानी 5556.6 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से उड़ती है। इसे किसी भी जंगी जहाज से दागा जा सकता है। इस मिसाइल की तैनाती इसी साल होनी संभावित है। इस मिसाइल की खासियत ये है कि ये 360 डिग्री में घूमकर अपने दुश्मन को खत्म करके ही मानती है।

### नौसेना के लिए बहुउपयोगी साबित होगी

परीक्षण के दौरान डीआरडीओ ने उड़ान मार्ग और वाहन के प्रदर्शन मापदंडों की निगरानी उड़ान डेटा का उपयोग किया। परीक्षण के लिए विभिन्न रेंज उपकरणों राडार, ईओटीएस और टेलीमेट्री सिस्टम को आईटीआर, चांदीपुर ने तैनात किया गया था। डीआरडीओ और भारतीय नौसेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी प्रक्षेपण की निगरानी की। भारतीय नौसेना के जहाजों पर तैनाती से पहले कुछ और परीक्षण किए जाएंगे। एक बार तैनात होने के बाद यह प्रणाली भारतीय नौसेना के लिए बहुउपयोगी साबित होगी।

# प्रधानमंत्री मोदी आज डोडा में चुनावी रैली को करेंगे संबोधित

एजेंसी

**जम्मू।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को जम्मू-कश्मीर का चुनावी दौरा करेंगे। विधानसभा चुनावों की घोषणा के बाद केंद्र शासित प्रदेश में उनका पहला चुनावी कार्यक्रम होगा। प्रधानमंत्री मोदी डोडा जिले में भाजपा की चुनावी रैली को संबोधित करेंगे, जहां 18 सितंबर को चिनाब घाटी के तीन जिलों की आठ विधानसभा सीटों के लिए मतदान होना है।



पुंछ और राजौरी जिलों के कुछ हिस्सों में भी 3 चरणों में होने वाले विधानसभा चुनाव के पहले चरण में मतदान होने जा रहा है। प्रधानमंत्री के दौरे से निश्चित रूप से केंद्र शासित प्रदेश में पार्टी उम्मीदवारों की चुनावी संभावनाओं को बढ़ावा मिलेगा। पूरे चिनाब घाटी क्षेत्र में पहले से ही हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। पार्टी जम्मू संभाग की सभी 43 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही है। पिछली जम्मू-कश्मीर विधानसभा में भाजपा के 25 विधायक थे। प्रधानमंत्री मोदी के 19 सितंबर को घाटी का दौरा करने की उम्मीद है, जब वह श्रीनगर शहर में भाजपा की एक अन्य चुनावी रैली को संबोधित करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### पैरालंपिक खिलाड़ियों ने मोदी को कहा परम मित्र



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से गुरुवार को पेरिस पैरालंपिक के खिलाड़ियों ने मुलाकात पर कहा कि अन्य लोगों के आप पीएम के रूप में प्रधानमंत्री है तो हमारे लिए तो आप परम मित्र है। प्रधानमंत्री आवास पर हुई बातचीत के दौरान श्री मोदी ने पैरालंपिक में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को बधाई दी। इस अवसर पर पेरिस पैरालंपिक में पदक जीतने वाले भारतीय खिलाड़ियों ने श्री मोदी को अपनी-अपनी ओर से टी-शर्ट, जूते और तीर जैसी चीजें उपहार स्वरुप भेंट की। पैरा तीरंदाज हरविंदर सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी को अपना तीर भेंट किया। वहींशीतल देवी ने अपने हस्ताक्षर वाली टी शर्ट प्रधानमंत्री को भेंट की। वहीं भाला फेंक चैंपियन पैरा एथलीट नवदीप सिंह ने प्रधानमंत्री को कैप पहनाई। भारतीय खेल प्राधिकारण (साई) ने प्रधानमंत्री मोदी और पैरालंपियन खिलाड़ियों के साथ मुलाकात का वीडियो साझा किया। इस दौरान खिलाडियों ने कहा कि जब लोग हमसे पूछते है कि आपका ब्रांड एम्बेसडर कौन है तो हम बताते है। हमारे ब्रांड एम्बेसडर प्रधानमंत्री मोदी है। इन वीडियो में प्रधानमंत्री को पैरालंपियन पदक विजेताओं को बधाई देते और उनसे बात करते हुए देखा गया है। इस दौरान इस अवसर पर केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया और भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के प्रमुख देवेंद्र झाझडिया भी उपस्थित थे। मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री ने खेल के दौरान खिलाड़ियों के अनुभव को भी जाना। उल्लेखनीय है कि हाल ही में संपन्न हुए पेरिस पैरालंपिक खेलों में भारत ने सात स्वर्ण, नौ रजत और 13 कांस्य सहित 29 पदक जीते हैं।

### सेवानिवृत्त खिलाड़ियों से आवेदन का आह्वान

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय युवा मामले एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को देशभर के सेवानिवृत्त खिलाड़ियों से सेवानिवृत्त खिलाड़ी सशक्तिकरण प्रशिक्षण (रीसेट) कार्यक्रम के लिए आवेदन कर खेल पारिस्थितिकी तंत्र में सक्रिय रूप से योगदान देने का आह्वान किया है। डॉ. मांडविया ने कहा, रीसेट कार्यक्रम देश के गौरवान्वित करने वाले हमारे सेवानिवृत्त एथलीटों को मान्यता देने और उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हम सभी सेवानिवृत्त खिलाड़ियों से आग्रह करते हैं कि वे नए कौशल विकसित करने, खेल समुदाय से जुड़े रहने और देश की खेल विरासत में योगदान जारी रखने के लिए इस अवसर का लाभ उठाएं।

### इंडिया डी सस्ते में सिमटी इंडिया ए को बढ़त

**अनंतपुर ।** खलील अहमद और आकिब खान की बेहरीन गेंदबाजी के दम पर इंडिया ए ने दलीप ट्रॉफी के तीसरे मुकाबले में शुक्रवार को इंडिया डी की टीम को 183 के स्कोर पर समेट दिया और इसके साथ ही इंडिया ए को पहली पारी के आधार पर 107 रनों की बढ़त मिल गई है। इंडिया ने कल के 288 के स्कोर में दो रन के इजाफे के साथ अपने दो विकेट गवां दिये। शम्स मुलानी (89) और आकिब खान (शून्य) को हर्षित राणा ने आउट कर इंडिया डी की पारी को 290 के स्कोर पर रोक दिया।

### लेवर कप 2024 से हटे राफेल नडाल, टीम यूरोप के लिए प्रतिस्थापन की घोषणा अभी बाकी



**नई दिल्ली।** लेवर कप के 2024 संस्करण में राफेल नडाल शामिल नहीं होंगे, 14 बार के फ्रेंच ओपन चैंपियन ने गुरुवार को टूर्नामेंट से हटने की घोषणा की। नडाल ने एक बयान में कहा, मुझे यह बताते हुए बहुत निराशा हो रही है कि मैं अगले सप्ताह बर्लिन में लेवर कप में प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाऊंगा। यह एक टीम प्रतियोगिता है और वास्तव में टीम यूरोप का समर्थन करने के लिए, मुझे वह करने की जरूरत है जो उनके लिए सबसे अच्छा है और इस समय अन्य खिलाड़ी भी हैं जो टीम को जीत दिलाने में मदद कर सकते हैं। उन्होंने कहा, मेरे पास लेवर कप खेलने की बहुत सारी शानदार, भावनात्मक यादें हैं और मैं वास्तव में अपने साथियों के साथ और कप्तान के रूप में ब्योर्न के अंतिम वर्ष में रहने के लिए उत्सुक था। मैं टीम यूरोप को शुभकामनाएं देता हूं और दूर से ही उनका उत्साहवर्धन करूंगा।"

# अफगानिस्तान-न्यूजीलैंड टेस्ट रद्द

## होने पर दोनों टीमों के कोचों ने जताई निराशा

एजेंसी

**ग्रेटर नोएडा।** यहां लगातार हो रहे बारिश के कारण अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच एकमात्र टेस्ट शुक्रवार को एक भी गेंद फेंके बिना रद्द कर दिया गया। जिसके बाद दोनों टीमों के मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट और गैरी स्टीड ने निराशा व्यक्त की है।



अफगानिस्तान के कोच ट्रॉट ने कहा, व्यक्तिगत रूप से, मैं निराश था। हम न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलने के लिए बहुत उत्साहित थे और खुद को उस चुनौती के सामने रखा। खिलाड़ियों ने वास्तव में कड़ी मेहनत की है, लेकिन साल के इस समय में टेस्ट मैच खेलने की कोशिश करना हमेशा मुश्किल होता है।

2018 में लाल गेंद से पदार्पण करने के बाद से यह अफगानिस्तान का 10वां टेस्ट माना जा रहा था। हालांकि, शहीद विजय सिंह पथिक स्टेडियम, जो अपने पहले टेस्ट की मेजबानी कर रहा था, सुविधाओं और बुनियादी जल निकासी की कमी के कारण सवालों के घेरे में आ गया। धूप होने के बावजूद पहले कुछ दिनों तक कोई खेल नहीं होने के कारण आलोचना झेलने के बाद, स्टेडियम के अधिकारियों और अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम से कवर मंगवाए, जबकि उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने जमीन को वापस आकार में लाने के लिए सुपर सॉपर्स भेजा, लेकिन भारी बारिश के कारण आयोजन स्थल के कुछ हिस्सों में जलभराव हो गया, जिससे मैदानकर्मियों के लिए चीजें तैयार करना संभव नहीं हो सका।

ट्रॉट ने कहा, सुविधाओं के संदर्भ में, हम स्पष्ट रूप से निराश हैं कि हम खेलने में सक्षम नहीं हैं, लेकिन पानी की मात्रा में जो कमी आई है वह साल के इस समय के लिए अभूतपूर्व है।

### स्टीड ने कहा, हमारे लिए सबसे निराशाजनक

वहीं, स्टीड ने कहा, यह हमारे लिए निराशाजनक है। फगानिस्तान के खिलाफ यह हमारा पहला टेस्ट मैच था और हम इसे लेकर काफी उत्साहित भी थे। पिछले कुछ विश्व कप में वे हमारे महान प्रतिस्पर्धी रहे हैं और हमारे पास क्रिकेट के कुछ बेहतरीन खेल हैं। न्यूजीलैंड के कोच ने संकेत दिया कि इस खेल ने उनकी टीम को श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट मैचों के लिए बेहतर तरीके से तैयार किया होगा, जो अगले सप्ताह खेला जाएगा। स्टीड ने कहा, हमारे लिए सबसे निराशाजनक बात यह है कि जब हम अगले सप्ताह अपने टेस्ट मैच में उतरेंगे तो हम मैच के लिए मजबूत और मैच के लिए तैयार होने की क्षमता खो चुके हैं। इसलिए, लोग वास्तव में निराश हैं।

### 'होम वेन्यू' : अधिक सुसंगत होने में मदद मिलेगी

अफगानिस्तान के कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी ने कहा कि सिर्फ एक 'होम वेन्यू' होने से उन्हें अधिक सुसंगत होने में मदद मिलेगी। पिछले कुछ वर्षों में, अफगानिस्तान के पास ग्रेटर नोएडा, देहरादून, लखनऊ और संयुक्त अरब अमीरात में घरेलू मैदान हैं। ट्रॉट ने भी कप्तान का समर्थन करते हुए कहा, यदि आपके पास एक निश्चित स्थान है, तो आप उत्पन्न होने वाले मुद्दों को सुलझा सकते हैं। वह हमेशा अच्छा होता है। लेकिन मुझे लगता है कि यह शायद अतीत में बहुत अधिक टेस्ट क्रिकेट नहीं खेलने का नतीजा है और अभी भी एक ऐसा स्थान ढूंढने की कोशिश कर रहा है जिसका हम लगातार उपयोग कर सकें, इसलिए एक स्थान रखना अच्छा होगा।

### दो दिवसीय जिला स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता सम्पन्न

**मुरादाबाद।** आरएन इंटर कॉलेज में शुक्रवार को माध्यमिक विद्यालयों की दो दिवसीय जिला स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। इसमें मंडलीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए बालक वर्ग में सात और बालिका वर्ग में छह खिलाड़ियों का चयन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन आरएन इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य छोटेलाल और मंडलीय क्रीड़ा सचिव वंश बहादुर ने किया। प्रतियोगिता में बालक वर्ग में आरएन इंटर कॉलेज मुरादाबाद, पीएलजेएल रस्तोगी इंटर कॉलेज, चित्रगुप्त इंटर कॉलेज तथा जीजी हिंदू इंटर कॉलेज मुरादाबाद के छात्रों ने प्रतिभाग किया।

वहीं बालिका वर्ग में फूलवती कन्या इंटर कॉलेज तथा राजकीय इंटर कॉलेज मुरादाबाद की छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

## हांगकांग ओपन बैडमिंटन के अंतिम आठ में पहुंचे ओलंपिक चैंपियन एक्सेलसन

एजेंसी

**हांगकांग।** डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसन ने गुरुवार को हांगकांग ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। उन्होंने चीनी ताइपे के सु ली यांग को शिकस्त दी।

पेरिस ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता दूसरे वरीयता प्राप्त एक्सेलसन ने 24-22, 21-6 से जीत हासिल की और क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जहां उनका सम्मानछठी वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे के चोउ टीएन चेन से होगा।

मैच जीतने के बाद एक्सेलसन ने कहा, ओलंपिक खेलों के बाद मैंने पर्याप्त प्रशिक्षण नहीं लिया। इसलिए लगातार दो मैच जीतना आसान नहीं है। मेरा लक्ष्य अपनी फॉर्म वापस पाना है। गत चैंपियन इंडोनेशिया के जोनाटन क्रिस्टी ने डेनमार्क के रासमस गेमके को 21-12, 21-19 से हराया और उनका अगला मुकाबला पांचवीं वरीयता प्राप्त कोडाई नाराओका से होगा, जिन्होंने अपने जापानी हमवतन ताकुमा ओबायाशी को 19-21, 26-24, 21-11 से हराया। चीन के लेई लांक्सी ने पहला सेट गंवा दिया लेकिन दक्षिण कोरिया के जियोन ह्योक-जिन पर 17-21, 21-16, 21-14 से जीत हासिल की। उनका मुकाबला हांगकांग, चीन के ली चेउक यिउ से होगा।



अन्य पुरुष क्वार्टरफाइनल इंडोनेशिया के एंथोनी सिनिसुका गिंटिंग और हांगकांग, चीन के जेसन गुनावान के बीच होगा।

महिलाओं में, तीसरी वरीयता प्राप्त चीन के हान यू ने चीनी ताइपे के लियांग टिंग यू को 21-14, 21-13 से हराया। वह अगली बार जापान की पांचवीं वरीयता प्राप्त अया ओहोरी से भिड़ेंगी, जिन्होंने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए हांगकांग, चीन की सलोनी समीरभाई मेहता को 9-21, 21-16, 21-12 से हराया।

## ऊना पहुंचने पर निषाद का गर्मजोशी से स्वागत

एजेंसी

**ऊना।** पेरिस पैरालंपिक में रजत पदक जीतकर देश का मान बढ़ाने वाले स्टार पैरा एथलीट निषाद कुमार का शुक्रवार को गृह जिला ऊना पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। जिला प्रशासन की ओर से जिला खेल एवं युवा सेवाएं अधिकारी उत्तम डोड ने इंदिरा गांधी खेल स्टेडियम परिसर में उनका स्वागत किया। निषाद कुमार के साथ उनके पिता रशपाल सिंह, माता पुष्पा देवी, बहन रमा देवी और कोच नदीम अहमद भी मौजूद थे।



## पाकिस्तान के खिलाफ हाई-वोल्टेज मुकाबले के लिए तैयार भारतीय हॉकी टीम

एजेंसी

### एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी




**नई दिल्ली।** भारत एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के अपने आखिरी ग्रुप चरण मैच में 14 सितंबर को चीन के हुलुनबुइर में मोकी हॉकी ट्रेनिंग बेस में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगा। जहां शीर्ष ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह के नेतृत्व में भारत टेबल टॉपर के रूप में मैच में उतरेगा, वहीं अम्माद बट के नेतृत्व वाला पाकिस्तान अंक तालिका में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम के रूप में भारत से भिड़ेगा।

गत चैंपियन ने टूर्नामेंट को पसंदीदा के रूप में खेला है और प्रत्येक मैच जीता है। भारत ने पहले मैच में मेजबान चीन को 3-0 से हराया, दूसरे मैच में जापान को 5-1 से हराया, तीसरे मैच में मलेशिया को 8-1 से हराया और पिछले मैच में कोरिया के खिलाफ 3-1 से जीत हासिल की।

भारत टूर्नामेंट में सेमीफाइनल में जगह पक्की करने वाली पहली टीम थी। दूसरी ओर, पाकिस्तान इस अभियान में लचीला रहा है। हॉकी के दिग्गज ताहिर जमान के सतर्क मार्गदर्शन में खेल रही टीम ने मलेशिया और कोरिया के खिलाफ 2-2 से ड्रा खेला, जापान को 2-1 से और चीन को 5-1 से हराकर अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने कहा, "मैं अपने जूनियर दिनों से ही पाकिस्तान टीम के कुछ खिलाड़ियों के साथ खेल रहा हूं और हमारा उनके साथ एक विशेष रिश्ता है। वे मेरे भाई जैसे हैं. बेशक, मैदान पर हम मैच के बारे में वैसे ही सोचेंगे जैसे हम किसी अन्य प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि हम अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखें।" हरमनप्रीत ने कहा, विश्व हॉकी में, दोनों टीमों के बीच की प्रतिद्वंद्विता अद्वितीय है और मुझे यकीन है कि दुनिया भर के प्रशंसक भारत-पाकिस्तान मैच का इंतजार कर रहे होंगे।

पाकिस्तान के कप्तान अम्माद ने कहा, भारत ने टूर्नामेंट में अब तक सच्चे प्रबल दावेदार की तरह खेला है। हमने जो मैच खेले हैं उनसे हमें प्रेरणा मिलेगी और मुझे कहना होगा कि हमने हर एक गेम में सुधार किया है, बिना कार्ड गंवाए और अनुशासित हॉकी खेली है। हम कल भारत के खिलाफ भी ऐसा ही करने को उत्सुक हैं। उन्होंने कहा, पिछले कुछ मैचों में, हमने अपने विरोधियों के खिलाफ बहुत अच्छा बचाव किया है और भारत के खिलाफ भी, हम विशेष रूप से पीसी रक्षा में अच्छा बचाव करना चाहेंगे। हाल के दिनों में भारत ने पाकिस्तान को काफी मजबूती से पछाड़ दिया है। पिछले साल हांगझू में एशियाई खेलों में, भारत ने पूल मैच में पाकिस्तान को 10-2 से हराया था, और उससे कुछ महीने पहले ही, चेन्नई में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान को 4-0 से हराया था।

हरमनप्रीत सिंह का मानना है कि पाकिस्तान से भिड़ने से पहले आंकड़ों की स्लेट साफ हो जाएगी। उन्होंने कहा,जब हम पाकिस्तान जैसी टीम से भिड़ेंगे तो पिछले नतीजे कोई मायने नहीं रखेंगे। वे एक कठिन टीम हैं और खेल के किसी भी चरण में वापसी करने की क्षमता रखते हैं। हम कल एक अच्छे मैच की उम्मीद करेंगे। दिन के अन्य मैचों में मलेशिया का मुकाबला कोरिया से होगा जबकि मेजबान चीन का मुकाबला जापान से होगा।

## दक्षिण एशियाई जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप: अविनाश की सफलता को दोहराना चाहते हैं शारुक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लंबी दूरी के एथलीट आमतौर पर पहले कुछ चक्करों में इसे धीमी गति से लेते हैं, ऊर्जा बचाते हैं, और जैसे-जैसे फिनिश लाइन करीब आती है, अपनी गति तेज कर देते हैं। लेकिन भारत की किशोर सनसनी, शारुक खान, उनमें से नहीं है। उन्होंने शुरू से ही दबदबा बनाया और गुरुवार को चेन्नई में दक्षिण एशियाई जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की 3000 मीटर स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। भारत के लिए यह दोहरी खुशी थी क्योंकि पोडियम पर शीर्ष स्थान पर दो भारतीय थे। 18 वर्षीय शारुक ने



8:26.06 का अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय हासिल किया और अपने हमवतन मोहित चौधरी को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 8:27.61 का समय लेकर रजत पदक जीता। पदक जीतने के बाद शारूक ने कहा, वास्तव में खुशी है कि मैं यहां अपना सर्वश्रेष्ठ देने में सक्षम हूं। मैं अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए इससे बेहतर दिन की उम्मीद नहीं कर सकता था और मुझे खुशी है कि मैंने स्वर्ण पदक जीता। हमारे (शारुक और मोहित) बीच एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा थी। हमें सुधार जारी रखने के लिए इस तरह की प्रतिस्पर्धा रखनी चाहिए।"

शारुक ने तब सुर्खियां बटोरीं जब उन्होंने इस साल की शुरूआत में पेरू में विश्व एथलेटिक्स अंडर-20 चैंपियनशिप में 3000 मीटर स्टीपलचेज में दो बार राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा। वह हीट में 8:45.12 के समय के साथ छठे स्थान पर रहे और फाइनल में उन्होंने इसे बेहतर करते हुए 8:42.06 का समय निकाला। हालांकि, वह 10वें स्थान पर रहे। केन्या के एडमंड सेरेम ने 8:15.28 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि उनके हमवतन मैथ्यू कोस्गेई ने रजत पदक जीता। शारुक ने कहा, मैं बेहतर होते रहना चाहता हूं। पेरू में, मुझे बुरा लगता है कि मैं पदक नहीं जीत सका, लेकिन मुझे खुशी है कि मैंने वहां भारत का रिकॉर्ड हासिल किया।

मैं हर बार जब भी ट्रैक पर उतरूं तो इसी तरह अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं।

## व्यपार



## सेंसेक्स और निफ्टी ने बनाया ओपनिंग का रिकॉर्ड

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में शुक्रवार को शुरूआती कारोबार के दौरान दबाव बना हुआ था। शुक्रवार कारोबार की शुरूआत ऑल टाइम हाई ओपनिंग का नया रिकॉर्ड बना कर हुई, लेकिन बाजार खुलते ही मुनाफावसूली शुरू होने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक गिर कर लाल निशान में आ गए। बाजार में लगातार जारी खरीद-बिक्री के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स और निफ्टी 0.24 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे।



शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से विप्रो, टाटा स्टील, बीपीसीएल, जेएसडब्ल्यू स्टील और टाटा मोटर्स के शेयर 3.25 प्रतिशत से लेकर 1.13 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर एशियन पेंट्स, आईटीसी, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एचडीएफसी लाइफ के शेयर 1.25 प्रतिशत से लेकर 0.99 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।

शुक्रवार कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,339 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,763 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 576 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 21 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 9 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 19 शेयर हरे निशान में और 31 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स 128.84 अंक की मजबूती के साथ पहली बार 83 हजार अंक के स्तर को पार करके 83,091.55 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से थोड़ी देर में ही इस सूचकांक ने लाल निशान में गोता लगा दिया।

## भारत की विकास क्षमता 7.5 फीसदी से अधिक : शक्तिकांत

एजेंसी

**सिंगापुर/नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को कहा कि भारत में कम से कम 7.5 फीसदी की वृद्धि की संभावना है। वह सिंगापुर में ब्रेटन वुड्स कमेटी द्वारा आयोजित फ्यूचर ऑफ फाइनेंस फोरम 2024 को संबोधित कर रहे थे। शक्तिकांत दास ने कहा कि भारत का वृद्धि परिदृश्य देश के वृहद आर्थिक बुनियाद की मजबूती को बताता है। उन्होंने कहा कि इसमें निजी उपभोग और निवेश जैसे घरेलू तत्व प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। आरबीआई गवर्नर का यह अनुमान भारतीय रिजर्व बैंक के चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 7.2 फीसदी की आर्थिक



वृद्धि दर के अनुमान से थोड़ा ऊपर है। हालांकि, दास ने मुद्रास्फीति में गिरावट के बावजूद फिलहाल ब्याज दरों में कटौती से इनकार किया। उन्होंने ब्रेटन वुड्स कमेटी के वार्षिक फ्यूचर ऑफ फाइनेंस फोरम 2024 को संबोधित करते हुए कहा कि देश की आर्थिक वृद्धि को वृहत आर्थिक और वित्तीय स्थिरता के माहौल का समर्थन है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि मुझे लगता है कि आज भारत की संभावित वृद्धि...लगभग साढ़े सात फीसदी से अधिक है। दास ने दुनिया को बढ़ते वैश्विक कर्ज के बारे में आगाह किया है, जो 2024 में वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 333 फीसदी के बराबर 315 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ गया है। आरबीआई गवर्नर ने वैश्विक अर्थव्यवस्था में बढ़ रही चुनौतियों के लिए सामूहिक प्रयास का आह्वान किया। शक्तिकांत दास ने साझा वैश्विक मुद्दों से निपटने के लिए बहुपक्षीय विकास बैंकों को मजबूत करने की वकालत की। साथ ही उन्होंने सतत आर्थिक विकास और वित्तीय स्थिरता प्राप्त करने में अंतरराष्ट्रीय सहयोग के महत्व को भी रेखांकित किया।

### आरआईएनएल को छठी बार सीआईआई जीबीसी राष्ट्रीय ऊर्जा लीडर पुरस्कार

नई दिल्ली। राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) ने एक बार फिर ऊर्जा दक्षता और संरक्षण में उल्लेखनीय मानक स्थापित किया है। आरआईएनएल को भारतीय उद्योग परिसंघ-ग्रीन बिजनेस सेंटर (सीआईआई-जीबीसी) से प्रतिष्ठित राष्ट्रीय ऊर्जा लीडर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।इस्पात मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी बयान में बताया कि विशाखापत्तनम स्टील प्लांट की कॉर्पोरेट इकाई आरआईएनएल को लगातार छठे वर्ष प्रतिष्ठित सीआईआई-जीबीसी राष्ट्रीय ऊर्जा लीडर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

### सरकार को एनटीपीसी से मिले करीब 1610 करोड़

नई दिल्ली। केंद्र सरकार को सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड ने शुक्रवार को लाभांश के रूप में लगभग 1610 करोड़ रुपये दिए हैं। वित्त मंत्रालय के निवेश और लोकसंपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव ने एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि केंद्र सरकार को सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड से लाभांश के रूप में करीब 1610 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। उल्लेखनीय है कि एनटीपीसी लिमिटेड को पहले नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन के नाम से जाना जाता था। यह भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय के स्वामित्व में एक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम (पीएसयू) कंपनी है , जो बिजली उत्पादन और अन्य गतिविधियों में लगा हुआ है। इस पीएसयू का मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है।

## संक्षिप्त समाचार

### हरे वृक्ष रक्षार्थ 363 शहीदों की स्मृति में 511 पर्यावरण प्रेमियों ने रक्तदान कर दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

- 63 महिलाओं ने भी किया रक्तदान।



**चमकता राजस्थान। जयपुर /जोधपुर ( खलील कुरैशी)** 1730 ईस्वी में खेजड़ली की धरा पर हरे वृक्ष रक्षार्थ मां अमृतादेवी के अगुवाई में 363 स्त्री पुरुषों ने बलिदान कर पुरे विश्व में प्रकृति संरक्षण का अनुपम उदाहरण पेश किया।294 वर्ष पूर्व इस शहादत की घटना को बिश्नोई समाज हर भादवा की दशम को खेजड़ली में एकत्रित होकर सामूहिक यज्ञ करके अपने पूर्वजों को याद करते हैं।पिछले 23 वर्षों से बिश्नोई टाइगर्स वन्य एवं पर्यावरण संस्थान बिश्नोई टाईगर फोर्स के तत्वावधान रक्तदान शिविर आयोजित होता है जहां सैकड़ों की संख्या में स्त्री पुरुषों द्वारा रक्तदान करके 363 शहीदों को याद करते हैं।शुक्रवार भादवा सुदी दशम को बिश्नोई टाईगर फोर्स संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष रामपाल भवाद व रामनिवास बुधनगर के नेतृत्व में 511 पर्यावरण प्रेमियों ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में 63 से ज्यादा महिलाओं ने रक्तदान कर अमृतादेवी अमर रहे के नारे भी लगाए।5 से ज्यादा दाम्पत्य जोड़े द्वारा 10 वीं बार रक्तदान किया।दो जुड़वा भाई सुरेश भादू व हनुमान भादू रावर पिछले 11 वर्षों से लगातार रक्तदान करके शहीदों को याद कर रहे है।रक्तदान शिविर में धवा महंत लालदास महाराज, बिश्नोई टाईगर्स वन्य एवं पर्यावरण संस्थान बिश्नोई टाईगर फोर्स के प्रदेश अध्यक्ष रामपाल भवाद, उपाध्यक्ष रामनिवास धोरु, संगठन महामंत्री उदाराम गोदारा, महासचिव बलवीर सिंह बाबल, कांग्रेस नेता रामनिवास बुधनगर, बीटीएफ संगठन मंत्री ओमप्रकाश लोल, जिलाध्यक्ष हिम्मताराम भादू , जिला उपाध्यक्ष भजन हिंगोली, जिला महासचिव भरत खेड़ी, सचिव इन्द्रजीत गीला , महिला विंग संयोजक गीता बिश्नोई, इन्द्रा बिश्नोई, सुश्री दिव्या परमार, शारदा बिश्नोई, रामस्नेहीदेवी शोभा शिव भोली, पीथावास पूर्व सरपंच रामूराम कांवा , रामदीन भादू, बाबूलाल मास्टर, दिनेश बेनीवाल, ओमप्रकाश गोदारा , सुनिल भाचरणा , धाकड़ जागूं, जगराम मांजू , मूंजासर सरपंच हजारीराम मांजू आदि गणमान्य लोगों द्वारा सभी रक्तदाताओं को प्रोत्साहित भी किया।

### कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ सदस्यता अभियान पर आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में हुए सम्मिलित

- विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाएं- कर्नल राज्यवर्धन राठौड़



**चमकता राजस्थान । जयपुर (खलील कुरैशी)** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ की उपस्थिति में कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ संगठन पर्व सदस्यता अभियान के संदर्भ में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक सम्मिलित हुए।कैबिनेट मंत्री ने इस बैठक में भाजपा के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ₹विकसित भारत₹ के संकल्प को पूरा करने के लिए अधिक से अधिक सदस्य बनाने हेतु आ''ान किया।संगठन पर्व सदस्यता अभियान के तहत कार्यकर्ताओं को नई ऊँचाइयों तक पहुँचने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कैबिनेट मंत्री ने इस अभियान के महत्व और इसके उद्देश्य पर प्रकाश डाला भाजपा का यह अभियान न केवल पार्टी की सदस्यता बढ़ाने के लिए है, बल्कि भारत के जन जन के विकास और समृद्धि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है।

राजकीय बा.उ.प्रा.वि. कुंदन नगर के नए भवन का शिलान्यास

# विद्यालय स्वस्थ समाज की नींव, देश को सुयोग्य नागरिक मिलेंगे : देवनानी

## श्री गणेशपुरी को-ऑपरेटिव हाऊसिंग सोसायटी ने दी है निःशुल्क जमीन

चमकता राजस्थान

**जयपुर! (खलील कुरैशी) 13 सितम्बर।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शुक्रवार को राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय कुंदन नगर के नए भवन का शिलान्यास किया। इस भवन के लिए केन्द्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने 25 लाख रूपए सांसद कोष से दिए है। श्री गणेशपुरी को-ऑपरेटिव हाऊसिंग सोसायटी द्वारा विद्यालय के लिए निःशुल्क भूमि दी गई है।इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि विद्यालय स्वस्थ समाज की नींव होता है। विद्यालय ही वह स्थान है, जहां प्राप्त शिक्षा से देश को सुयोग्य नागरिक मिलेंगे। शिक्षा का हर स्तर पर बढ़ावा दिया जाना जरूरी है। देश की नई शिक्षा नीति भारत को आगे बढ़ाने वाली है। यह



देश के गौरव और विद्यार्थियों के उन्नयन को और अधिक मजूबत करेगी देवनानी ने कहा कि अजमेर शहर का सुनियोजित विकास किया जा रहा है। राज्य बजट एवं राज्य सरकार की ओर से हाल ही

### केन्द्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव के सांसद कोष से मिले 25 लाख से होगा निर्माण

में सड़कों के विकास के लिए कई करोड़ रूपयों की घोषणा की गई है। शहर की सड़कों के सम्पूर्ण कायाकल्प के लिए इस राशि से योजनाबद्ध काम करवाया जाएगा। शहर की सभी टूटी-फूटी सड़कों एवं अन्य प्रमुख सड़कों को सुधारा जाएगा। बारिश के बाद इन पर काम शुरू होगा।इसी तरह पेयजल के लिए भी सैकड़ों करोड़ रूपयों की घोषणा की गई है। इन पर टेण्डर एवं अन्य औपचारिकताओं की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। अजमेर जिले के नसीराबाद से नौसर पाइप लाइन एवं शहर में कोटड़ा, वैशाली नगर एवं लोहागल में सर्विस रिजर्वायर एवं टैंक बनने से पानी के प्रेशर, स्टोरेज व समय सीमा की समस्या भी समाप्त हो जाएगी। अब तक अन्तिम छोर पर माना जाने वाला अजमेर उत्तर इन कामों के बाद प्रथम छोर पर आ जाएगा।उन्होंने कहा कि इसी तरह चिकित्सा के क्षेत्र में भी उनभूतपूर्व काम होने जा रहें हैं। अजमेर का जवाहर लाल नेहरू अस्पताल सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बनेगा। इस पर सैकड़ों करोड़ रूपए खर्च होंगे। मरीजों को उपचार के लिए दिल्ली या जयपुर नहीं जाना पड़ेगा। इसी प्रकार पर्यटन के क्षेत्र में भी अजमेर को विकसित किया जा रहा है। यहां नैसर्गिग सौन्दर्य से भरपूर अरावली पहाड़ियों में लैपर्ड सफारी, रोप वे एवं अन्य सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसी तरह आईटी पार्क से रोजगार के अवसरों में भी बढ़ोत्तरी होगी। बिजली सुधार के लिए भी निर्देश दिए गए है

## सांसद राव राजेन्द्र सिंह ने शिक्षा के क्षेत्र में डॉ राजेन्द्र यादव द्वारा दिये गये उत्कृष्ट योगदान एवं बेहतरीन कार्यों की करी खुले मन में सराहना

चमकता राजस्थान

**मनोहरपुर! (खलील कुरैशी)** कस्बे स्थित श्री कृष्णा महाविद्यालय में जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित सदस्यता अभियान के तहत महाविद्यालय प्रशासन द्वारा सांसद का माल्यार्पण कर व साफा बांधकर स्वागत किया गया। सांसद राव राजेंद्र सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि बिना शिक्षा के हम किसी भी समाज के विकास की कल्पना नहीं कर सकते है। जब तक समाज और विशेष रूप



से बालिकाएं शिक्षित नहीं होगी तब तक वह समाज ही नहीं पूरा गांव, प्रदेश और देश आगे बढ़ नहीं पाएगा। छात्रों के जीवन पर अनुशासन के महत्व को बताते हुए सभी को अपने जीवन में नैतिक मूल्यों को अपनाने की सलाह दी ।इस मौके पर ही सांसद द्वारा श्री कृष्णा ग्रुप आफ एजुकेशन के निदेशक डॉक्टर राजेंद्र यादव को हाल ही में गाजियाबाद में आयोजित सम्मान समारोह में आचार्य देवो भवः अवार्ड से सम्मानित किए जाने को जयपुर ग्रामीण के लिए गर्व का क्षण बताया तथा डॉ राजेंद्र यादव के नेतृत्व में श्री कृष्णा ग्रुप आफ एजुकेशन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों की प्रशंसा की । इस मौके पर संस्था संरक्षक रामकरण बाड़ीगर, सचिव रामकिशन, प्रबंधक कमलेश कुमार, प्राचार्य सीता देवी व डॉ. पी.डी. नोगिया, बनवारी लाल , मक्खन लाल मीणा परीक्षित बंगाली, प्रेरणा कुमावत ममता शर्मा पूजा शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## पर्यटन शासन सचिव रवि जैन एवं आरटीडीसी एमडी सुषमा अरोड़ा ने किया निगम इकाइयों का सघन निरीक्षण

चमकता राजस्थान

जयपुर!(खलील कुरैशी) 13 सितंबर। पर्यटन शासन सचिव रवि जैन एवं आरटीडीसी प्रबंधन निदेशक सुषमा अरोड़ा ने निगम अधिकारियों की टीम के साथ शुक्रवार को राजस्थान पर्यटन विकास निगम की होटल गणगौर, खासा कोठी, कैफेटेरिया पड़ाव नाहरगढ़ एवं शाही रेलगाड़ी पैलेस ऑन व्हील्स का निरीक्षण व्यवस्थाओं का जायजा लिया।पर्यटन सचिव रवि जैन ने बताया कि प्रदेश में आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधा मिल सके, इसलिए निगम द्वारा संचालित इकाइयों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



निगम द्वारा संचालित होटल्स के प्रमोशन के लिए नवचार के साथ मार्केटिंग की जाएगी। बरसों से घाटे में चली आ रही आरटीडीसी को मुनाफे में लाने के लिए आवशयक कदम उठाए जाएंगे। आरटीडीसी निगम प्रबन्ध निदेशक सुषमा अरोड़ा ने बताया कि पधारो म्हारे देश के साथ हम देश-विदेश के पर्यटकों को राजस्थान पधारने का आमंत्रण देते है। इसलिए हमारी जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि राजस्थान आने वाले सभी पर्यटकों को आवास, भोजन एवं परिवहन की अच्छी सुविधा मिले। उन्होंने कहा कि निगम द्वारा संचालित इकाइयों में खाने की क्वालिटी को सुधारने, स्टाफ के लिए ड्रेस कोड एवं आरटीडीसी की आय को बढ़ाने के लिए बंद पड़े दुर्ग कैफेटेरिया नाहरगढ़ एवं हवेली पन्ना मीणा आमेर फोर्ट को फिर से शूरू करने के लिए मौके पर जाकर वस्तुस्थिति को जाना। जल्द ही पर्यटकों की सुविधा के लिए शुरू करने के प्रयास किये जा रहे है।निगम प्रबन्ध निदेशक ने बताया कि शाही रेलगाड़ी पैलेस ऑन व्हीलस का भी निरीक्षण कर जायजा लिया। आगामी 25 सितम्बर से शाही रेलगाड़ी का पहला टूर शुरू होने जा रहा है।

### सेंती में तेजा दशमी महोत्सव एवं किसान सम्मेलन का आयोजन

- केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा अन्य जनप्रतिनिधि हुए शामिल




**चमकता राजस्थान। जयपुर,!(खलील कुरैशी) 13 सितंबर।** शुक्रवार को चित्तौड़गढ़ जिले के सेंती में जाट छात्रावास स्थल पर तेजा दशमी महोत्सव एवं किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी और नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा सहित जनप्रतिनिधि शामिल हुए। उन्होंने तेजाजी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और प्रतिभावान बालिकाओं का सम्मान किया कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भगीरथ चौधरी ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए कृतसंकल्पित है। उन्होंने कहा कि केन्द्र के बजट में यह वर्ष किसानों को समर्पित किया गया है। उन्होंने कहा कि कई फसलों का समर्थन मूल्य बढ़ाकर किसानों को राहत दी है। उन्होंने कहा कि किसान प्राकृतिक खेती करें। इस पर भारत सरकार 20 हज़ार रुपए प्रति एकड़ अनुदान देगी। उन्होंने कहा की शुरुआत में इससे उपज थोड़ी कम होगी लेकिन बाद में उर्वरकों जितनी ही पैदावार आने लगेगी। उन्होंने किसानों से रसायनों का उपयोग कम करने का आ''ान किया। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती कर स्वयं भी बचे और प्राणी मात्र को भी बचाएं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री श्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने के लिए कई प्रयास किए हैं। आगे भी किसानों के हित में लगातार कार्य किए जाएंगे। देश के विकास में अन्नदाता किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। किसान कृषि में रसायनों का उपयोग कम कर प्राकृतिक खेती करें। इससे उन्हें लाभ होगा और पर्यावरण भी बचेगा।इस अवसर पर सांसद सीपी जोशी, चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या, निंबाहेड़ा विधायक चंद कृपलानी, बेगू विधायक सुरेश धाकड़, कपासन विधायक अर्जुन लाल जीनगर सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी उपस्थित रहे।

# गोपालपुरा में हर्षोल्लास से मनाया जायेगा जिला स्तरीय जल महोत्सव



## जिला कलक्टर ने आमजन से मॉडल तालाब पीर बाबा के पास गोपालपुरा में आयोजित जल महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होकर उत्साह के साथ मनाने की अपील की

चमकता राजस्थान

**कोटपूतली-बहरोड (धर्मेंद्र बंसल) कोटपूतली-बहरोड़,13 सितंबर।** जल प्रबंधन और संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए राज्य सरकार द्वारा ''राजस्थान जल महोत्सव-2024'' का आयोजन 14 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। जिला स्तरीय जल महोत्सव कार्यक्रम मॉडल तालाब पीर बाबा के पास गोपालपुरा पर प्रातः 11 बजे हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इसी प्रकार सभी यह उत्सव ब्लॉक स्तर पर भी मनाया जाएगा। पावटा की ग्राम पंचायत टस्कोला में अमृत सरोवर चक्रतीर्थ, विराटनगर की ग्राम पंचायत कुहाड़ा में अमृत सरोवर, बानसूर की ग्राम पंचायत बाबरिया में बाबरिया बांध, बहरोड की ग्राम पंचायत रिवाली में पावर हाउस के पास तालाब तथा नीमराना में नीमराना तालाब के पास समारोह का आयोजन किया जाएगा।जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में विभागीय अधिकारियों को आदेश जारी करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने आमजन से अपील करते हुए जिला स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होकर उत्साह के साथ मनाने की अपील की। जिला कलक्टर ने अपील करते हुए कहा कि जल महोत्सव का उद्देश्य जल के महत्व को समाज में उजागर करना और जल संसाधनों के संरक्षण के प्रति लोगों को प्रेरित करना है। यह महोत्सव राज्य की जल नीति और प्रबंधन में लोगों की भागीदारी को भी बढ़ावा देगा, साथ ही जल संसाधनों के प्रति जागरूकता फैलाएगा।जिला कलक्टर ने बताया कि 14 सितंबर जलझूलनी एकादशी के दिन जिले के पूर्ण भरे हुए जलाशयों पर ₹राजस्थान जल महोत्सव₹ कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें नगरीय विकास विभाग, जल संसाधन विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, कृषि विभाग, वन विभाग, भू-जल विभाग के साथ ही सभी विभाग मिलकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करेंगे। जिसमें जनप्रतिनिधि, पत्रकार,अधिकारी और आमजन मौजूद रहेंगे।इस मानसून सीजन में राजस्थान के 360 बांध ओवरफ्लो हो चुके हैं, जबकि 250 बांध आंशिक रूप से भरे हुए हैं। यह स्थिति राज्य में जल संसाधनों की प्रचुरता को दर्शाती है। इसीलिए सरकार ने इसे उत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929